दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 16 | अंक 305 | सीकर, शुक्रवार 01 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# राजस्थान में ओलावृष्टि, बिजली गिरी, तेज बारिश

## कोहरे के कारण फ्लाइट लेट, शीतलहर के कारण पारा गिरा, ठिठुरन बढ़ी

जयपुर.

राजस्थान में मावठ के साथ ओलावृष्टि हुई। नए साल के पहले दिन जयपुर, चित्तौड़गढ़, अजमेर सहित कई जिलों में सुबह से रुक-रुककर बरसात हुई। वहीं, बीकानेर में बुधवार देर रात हुई ओलावृष्टि से कड़ाके की सर्दी लौट आई है। आज सुबह से प्रदेश के अधिकतर जिले घने कोहरे की चपेट में रहे।

जोधपुर में कोहरे के कारण फ्लाइट भी लेट हुई। वहीं,बुधवार देर रात चूरू के सादुलपुर में तेज बारिश के साथ एक मकान पर बिजली गिर गई।

### साल की शुरुआत बरसात-ओलावृष्टि के साथ

राजस्थान में नए साल की शुरुआत के साथ तेज सर्दी का दौर शुरू हो गया है। राजधानी जयपुर में गुरुवार सुबह हल्की बरसात हुई। वहीं, चित्तौड़गढ़ में सुबह 5 बजे आधा घंटे तक तेज बरसात हुई। बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार देर रात ओले भी गिरे। सीकर के रामगढ़ में भी आज सुबह तेज बरसात हुई। बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में भी दो-तीन डिग्री की गिरावट हुई। साथ ही अजमेर, अलवर, कोटा में सुबह से रुक-रुककर बरसात हुई।

### राजसमंद में कोहरे में छुपी झील

**राजसमंद में आज सुबह से धूप नहीं निकली और कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण झील की नोचौकी पाल भी नजर नहीं आई।**



**अजमेर में भी सुबह-सुबह हुई बूंदाबांदी**-अजमेर में नए साल के पहले दिन कई हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। बारिश के बाद ठंड में इजाफा हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार 2 दिन हल्के बादल छाए रहेंगे और इससे सर्दी का असर बरकरार रहेगा।

**अलवर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के करीब**-अलवर में लगातार चौथे दिन घना कोहरा है। गुरुवार सुबह विजिबिलिटी 50 मीटर के करीब रही। बुधवार का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया।

**धुंध के कारण लेट पहुंची फ्लाइट**-बुधवार देर रात हल्की बूंदाबांदी के बाद गुरुवार सुबह मौसम ने करवट ली। सुबह पूरे शहर में हल्की धुंध छाई रही। हालांकि, सुबह 9 बजे के करीब धूप निकलने लगी। सुबह के समय विजिबिलिटी कम रहने के कारण दिल्ली से आने वाली कई फ्लाइट्स अपने निर्धारित समय से देरी से जोधपुर एयरपोर्ट पहुंची।

# नए साल के जश्न में नशे का कहर, 299 घायल एसएमएस ट्रॉमा पहुंचे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नववर्ष के जश्न में नशे के जोश ने राजधानी की सड़कों को खून से लाल कर दिया। देर रात शराब के नशे में तेज रफ्तार दुपहिया और चौपहिया वाहन चलाने से हुए हादसों में 299 घायल सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। पुलिस की सख्त अपीलों और निगरानी के बावजूद युवाओं की लापरवाही भारी पड़ी, जिसका सीधा असर एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में देखने को मिला।

### रात 8 बजे बाद हादसों में तेज उछाल

नववर्ष की रात 8 बजे के बाद सड़क हादसों के मामलों में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गई। देर रात तक घायलों का सिलसिला चलता रहा और ट्रॉमा सेंटर पूरी तरह व्यस्त रहा।

### एक की मौत, 50 की हालत गंभीर

एसएमएस ट्रॉमा सेंटर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एल. यादव ने बताया कि बीते 24 घंटों में कुल 299 घायल इलाज के लिए लाए गए। इनमें से एक घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि 50 घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। शेष 249 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### 120 से ज्यादा एक्सीडेंट सिर्फ रात में

डॉ. यादव ने बताया कि रात 8 बजे के बाद ही करीब 120 सड़क दुर्घटनाओं के मामले ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफने पूरी रात लगातार घायलों का इलाज किया।

### बिना हेलमेट, नशे में ड्राइविंग बनी बड़ी वजह

घायलों में अधिकांश दुपहिया वाहन चालक थे। जांच में सामने आया कि कई युवक बिना हेलमेट और शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। लापरवाह ड्राइविंग से न सिर्फ खुद कीए बल्कि राहगीरों की जान भी खतरे में डाली गई।

### पुलिस की अपील बेअसर

जयपुर पुलिस और प्रशासन ने नववर्ष से पहले लगातार अपील की थी कि शराब पीकर वाहन न चलाएं, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करें और गति सीमा का पालन करें, लेकिन इसके बावजूद लापरवाही थम नहीं सकी।

# बांग्लादेश में फिर हिंदू शख्स को भीड़ ने जलाया



ढाका।

बांग्लादेश में फिर से एक हिंदू शख्स को जलाने का मामला सामने आया है। शरियतपुर जिले में 31 दिसंबर को 50 वर्षीय खोकोन दास पर भीड़ ने हमला कर दिया। खोकोन दास घर लौट रहे थे, तभी कुछ लोगों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। पहले उन पर धारदार हथियारों से हमला किया गया, फिर बेरहमी से पीटा गया और आग के हवाले कर दिया गया। इस हमले में वे गंभीर रूप से झुलस गए। घायल अवस्था में खोकोन दास को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**पिछले महीने हिंदू युवक को पेड़ पर लटकाकर जलाया**-बांग्लादेश में 15 दिन के भीतर दूसरी बार हिंदू शख्स को हवाले किया गया है।

इससे पहले 18 दिसंबर को मैमनसिंह जिले में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था। इसके बाद उनके शव को पेड़ पर लटकाकर आग लगा दी गई थी।

# एयर मार्शल नागेश कपूर बने भारतीय वायुसेना के वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ

नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन के तहत एयर मार्शल नागेश कपूर ने वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने गुरुवार, 1 जनवरी 2026 को औपचारिक रूप से यह पदभार संभाला है। उप प्रमुख पद पर उनकी नियुक्ति का आदेश लागू करते हुए वायु मुख्यालय में एक संक्षिप्त लेकिन गरिमामय समारोह में यह पदभार हस्तांतरण सम्पन्न हुआ। एयर मार्शल कपूर को दिसंबर 1986 में भारतीय वायुसेना की फ्लाइंग ब्रांच में कमीशन दिया गया था। लगभग चार दशक लंबे सैन्य करियर में उन्होंने वायुसेना के कई प्रमुख लड़ाकू और प्रशिक्षण विमान उड़ाए हैं। वे संचालन, प्रशिक्षण एवं वैमानिकी सुरक्षा से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। अपने पेशेवर जीवन में एयर मार्शल कपूर ने अनेक सामरिक कमान नियुक्तियां भी संभाली हैं। वह वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में अत्यंत अनुभवी पायलटों में गिने जाते हैं। भारतीय वायु सेना के आधुनिकीकरण, परिचालन क्षमता में वृद्धि और भावी युद्धक आवश्यकताओं की रणनीतिक योजना में उनके योगदान को विशेष रूप से सराहा जाता रहा है। उप वायु सेना प्रमुख के रूप में वे अब वायु सेना की प्रमुख नीतियों, संचालन संबंधी दिशा-निर्देशों, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण ढांचे और भविष्य की तकनीकी अधोसंरचना से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों का हिस्सा रहेंगे। वे 3400 घंटे से अधिक उड़ान अनुभव वाले अनुभवी फाइटर पायलट, क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और फाइटर कॉम्बैट लीडर हैं। उन्होंने मिग-21 के सभी वेरिएंट और मिग-29 फाइटर विमान उड़ाए हैं। डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज और नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र एयर मार्शल कपूर का 39 वर्षों से अधिक का सेवा अनुभव कमान, संचालन, प्रशिक्षण और स्टाफ दायित्वों से परिपूर्ण रहा है।

# द ललित जयपुर में न्यू ईयर का भव्य जश्न

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फेस्टिव सीजन को यादगार बनाने के लिए द ललित जयपुर ने न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए आकर्षक ऑफर्स और लग्जरी डाइनिंग एक्सपीरियंस की तैयारी की है। होटल में न्यू ईयर ईव के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। निजामी ब्रदर्स की विशेष उपस्थिति जयपुरवासियों को आकर्षित कर रही है। होटल के जीएम सोम्यजीत घोष ने बताया कि क्रिसमस पर 24 दिसंबर को डिनर और 25 दिसंबर को भव्य ब्रंच का आयोजन किया गया, वहीं न्यू ईयर ईव पर 31 दिसंबर को होटल के प्रमुख रेस्टोरेंट्स-बालूची, झरोखा, लीगेसी लाउंज, सीबीआर




एंड लॉन्स और सेंट्रल कोर्टयार्डकृमें खास डिनर और पार्टी का इंतज़ाम किया गया। मार्केटिंग एंड कम्युनिकेशन हैड यशस्वी डोंगरे ने बताया कि न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए लाइव एंटरटेनमेंट, फेस्टिव मेन्यू और प्रीमियम लाउंज सीटिंग के विकल्प भी शामिल हैं। इसके अलावा मेहमानों के लिए लक्ज़री स्टे एक्सपीरियंस पैकेज भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें फेस्टिव डिनर शामिल है। सेल्स हैड सोनम के अनुसार, यह आयोजन परिवार, दोस्तों और कपल्स के लिए नए साल का स्वागत शाही अंदाज में करने का बेहतरीन अवसर है। द ललित लॉयल्टी मेंबर्स को इस दौरान विशेष छूट दी गई।

# दोरादास पंचायत गठन के बाद विधायक भाम्बू का किया स्वागत

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** दोरादास को नवीन ग्राम पंचायत का दर्जा मिलने के उपरांत ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा झुंझुनू विधायक राजेन्द्र भाम्बू का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने रैली के रूप में विधायक का अभिनंदन करते हुए उन्हें स्वागत स्थल तक लाया।

स्वागत कार्यक्रम के पश्चात विधायक द्वारा सूर्य जल मंदिर का विधिवत लोकार्पण किया गया। यह जनोपयोगी निर्माण उत्रासर निवासी भामाशाह एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य गणेश सिंह शेखावत द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में करवाया गया है। यह जल मंदिर ग्रामीणों के लिए पेयजल सुविधा का एक महत्वपूर्ण केंद्र सिद्ध होगा। इसके पश्चात ग्राम पंचायत पातुसरी में आयोजित सुशासन पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन अत्यंत भव्य,



ऐतिहासिक एवं जनभागीदारीपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। नव उत्थान, नई पहचान की भावना को साकार करते हुए विधायक ने जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत पातुसरी क्षेत्र में लगभग 39 विकास कार्यों का फीता काटकर एवं पर्दा हटाकर लोकार्पण किया गया। इन विकास कार्यों से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक मुकेश कड़वासरा, सह-संयोजक बाबूलाल माहिच, वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वंभर पुनिया, गणेश सिंह शेखावत, गोपाल सिंह, पवन शर्मा, सुरेन्द्र भाम्बू, अर्जुन महला सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने क्षेत्र में सुशासन, विकास और जनसेवा के प्रति सरकार एवं जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

# हम कामगार समाज के द्वारा कम्बल वितरित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में गुरुवार शाम को माली सैनी समाज भवन में हम कामगार समाज के तत्वावधान में जरुरतमंद 250 महिला पुरूषों को गर्म कम्बल वितरण की गई। कामगार समाज के तहसील अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदारशहर एसडीएम रामकुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कामगार समाज राजलदेसर की सम्पूर्ण टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें हर क्षेत्र में काम करते हुए कामगार समाज को मजबूती प्रदान करनी है। वही विकास वाल्मीकि, शिशपाल लुहार के द्वारा 250 जुराब वितरित किए गए। कार्यक्रम में राजलदेसर कामगार समाज के अध्यक्ष जयचंद महावर, पवन झेडू, शंकरलाल खडोलिया, भगवान दास स्वामी, मोहनलाल महावर, सांवरमल सुथार, लालचंद प्रजापत, भगवाना राम कुचेरिया, गोविंद कठोड, मांगीलाल प्रजापत, कालूराम तंवर, राजेंद्र नोखवाल, व्याख्याता रिखा राम तालणिया, स्वामी कालेज के प्रबंध निदेशक दीपक स्वामी, मोहनलाल सैनी, ओमप्रकाश टाक अनिल भोभरिया, पंकज कुमार हर्षवाल, संतोष बबेरवा, विनोद मारोठिया, सत्यनारायण सुथार नौसरिया, महेश सैनी, भवानी मंत्री, हनुमान काकंरिवाल, इंद्राज प्रजापत, लालचंद कुचेरिया, पवन मारू, सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे

# झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन : जन संघर्ष अभियान की जोरदार शुरुआत

## कड़ाके की ठंड में रेलमंत्री, जीएम व डीआरएम के नाम ज्ञापन देने पहुंचे जंक्शन प्रेमी

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान का गुरुवार दोपहर झुंझुनू रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक कैलाश चन्द्र सोनी को रेलमंत्री, जीएम व डीआरएम के नाम ज्ञापन सौंपकर जोरदार आगाज हुआ।

कड़कड़ाती सर्दी के बावजूद बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि ज्ञापन की 25 सूत्री मांगों में प्रमुख रूप से झुंझुनू स्टेशन को बिसाऊ, मण्डावा, खेतड़ी, सादुलपुर, उदयपुरवाटी, नीमकाथाना, सालासर, लोहार्गल एवं शाकम्भरी से नई रेल लाइनें बिछाकर जोड़ने की मांग शामिल है। इसके साथ ही झुंझुनू से होकर दिल्ली, हरिद्वार, अहमदाबाद, सूरत, पुणे, मुंबई, कोलकाता, गोवाहाटी, वैष्णों देवी कटरा, जोधपुर, उदयपुर सिटी एवं श्रीगंगानगर के लिए नई रेल सेवाएं शुरू करने की मांग भी की गई। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, महासचिव डॉ मनोज सिंह, रिटायर्ड स्टेशन अधीक्षक अनवर हुसैन भीमसर, अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार हलवाई, लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र सिंह शेखावत, सचिव कृष्ण गोपाल गुप्ता, वैश्य सेना के उपाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पोद्दार, भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष जिम्मी मोदी, भामाशाह विश्वनाथ टीबड़ा, शिक्षाविद् डॉ शशि मोरोलिया, मुस्लिम न्याय मंच के पदाधिकारी, अलकुरेश वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन कुरैशी, जयराज जांगिड़, संजय बिलोटिया, अनिल शर्मा, विनोद खन्ना, मनीष बगड़िया, सुरेन्द्र अग्रवाल, भजन गायक रवि तुलस्यान, मनीष अग्रवाल, शिवचरण पुरोहित, फैयाज अली खान नूआं, श्रवण कुमार गोयनका, भोपाल सिंह पटवारी, विनोद कुमार पुजारी, इकबाल खान सहित अनेक गणमान्य नागरिक व जंक्शन प्रेमी उपस्थित रहे।

### 80 पार के वृद्ध, फिर भी जंक्शन का जुनून

शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति द्वारा गुरुवार को चलाए गए झुंझुनूं मांगे रेलवे जंक्शन जनसंघर्ष अभियान को गति देने के लिए जहां समिति के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे, वहीं 80 वर्ष की आयु पार कर चुके वृद्धजनों की उल्लेखनीय भागीदारी भी देखने को मिली। अभियान के शुरुआती चरण में युवा वर्ग और महिलाओं की उपस्थिति रही लेकिन एक दर्जन से अधिक ऐसे बुजुर्ग, जिनकी उम्र 80 वर्ष से अधिक थी, झुंझुनू रेलवे स्टेशन पहुंचकर आंदोलन को अपना खुला समर्थन दिया। किसी को चलने में कठिनाई थी, किसी के पैरों में दर्द तो कोई बढ़ती उम्र और कमजोरी के बावजूद सहारे के लिए वॉकरनुमा छड़ी लेकर स्टेशन तक पहुंचे। इन वरिष्ठ नागरिकों ने अपने शारीरिक कष्टों की परवाह किए बिना शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के आंदोलन को समर्थन देते




हुए यह संदेश दिया कि झुंझुनू को रेलवे जंक्शन बनाने की मांग केवल वर्तमान की नहीं बल्कि पीढ़ियों की आकांक्षा है। उनके चेहरे पर झुंझुनू और शेखावाटी के प्रति प्रेम और जंक्शन की चाह साफझलक रही थी।

### रेलवे जंक्शन आंदोलन में दादा-पौत्र साथ उतरे

झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के तहत गुरुवार को भावनात्मक दृश्य देखने को मिला जब दादा-पौत्र आंदोलन में साथ नजर आए। सामाजिक कार्यकर्ता जय राज जांगिड़ अपने साढ़े तीन वर्षीय पौत्र हर्षित जांगिड़ के साथ आंदोलन स्थल पर पहुंचे। जांगिड़ ने पौत्र को रेलवे स्टेशन, रेल और संघर्ष के महत्व के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि संघर्ष की भावना पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती है। वे झुंझुनू को रेलवे जंक्शन बनाने की मांग के समर्थन में पौत्र के साथ पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि वे पिछले 25 वर्षों से शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति से जुड़े हुए हैं और आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

## कोबरी-सार



## भाजपा नेता जांगिड़ ने की जनसुनवाई



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने अपने निज निवास पर नववर्ष के शुभ अवसर पर गुरुवार को जनसुनवाई कार्यक्रम रखा जिसमें शहर व आसपास के गाँवों से आये लोगों ने पानी, बिजली, सड़क शिक्षा, चिकित्सा सहित विभिन्न आदि समस्याओं से जांगिड़ को अवगत करवाया तो वहीं जांगिड़ ने संबधित अधिकारियों को उक्त समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। इस मोके पर आये हुए ग्रामीणों ने जांगिड़ को नव वर्ष की बधाई दी तो वहीं जांगिड़ ने भी सभी आगन्तुकों को नये साल की हार्दिक शुभकामना दी। जांगिड़, ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड़ के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास के नये नये आयाम स्थापित हो रहे है।

## आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर सर्व समाज के लोगों ने जताया विरोध

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में गुरुवार को सुबह 11 बजे भीम आर्मी, मेघवाल महासभा, कामगार समाज, अजाक, किसान सभा व सर्व समाज ने सोशल मीडिया पर अनुसूचित जाति, डॉ भीमराव अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर पुलिस थाने के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। एफआईआर दर्ज नहीं होने के कारण लोगों ने पुलिस के खिलाफ भी नारेबाजी की। किसान सभा के तहसील अध्यक्ष भादर भामू ने कहा कि गत दिनों राजलदेसर के ही एक व्यक्ति ने एक नेता की फोटो पर कालिख पोतकर पोस्ट की तो सब जगह एफआईआर दर्ज हो गई लेकिन जब बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया तो एफआईआर दर्ज करने में तकलीफ क्यों हो रही है। हालांकि लोगों ने तीन दिन का पुलिस को अल्टीमेटम दिया है आरोपी को गिरफ्तार करने लेकर। आपको बता दें कि करतार सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी जान्दवा तहसील रतनगढ़ ने अपने डिजिटल प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर अपनी आईडी से लाइव आकर भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर पर विवादित बयान बोल अनुसूचित जाति के सम्पूर्ण समुदाय को आपतिजनक व मां-बहन की अश्लील गन्दी-गन्दी गालियां निकाली। इस प्रकार ऑन रिकॉर्ड डॉ भीमराव अम्बेडकर साहेब को व अनुसूचित जाति के सम्पूर्ण समुदाय को ऐलानियां तौर पर ललकारते हुए गन्दी-गन्दी गालियां देने से समुदाय में भारी रोष व्याप्त है। इस मौके पर भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष श्रवण बारूपाल, मेघवाल महासभा के तहसील अध्यक्ष कालूराम तंवर, कामगार समाज के अध्यक्ष जयचंद महावर, भाजपा जिला प्रवक्ता पवन बोथरा, पार्षद पवन प्रजापत, आरएलपी के रतनलाल, अजाक संगठन के अध्यक्ष नर्सिंग कर्मचारी चेनरूप भाटिया, आलसर सरपंच भानीराम मेघवाल, कामगार समाज के सचिव लालचंद प्रजापत, मिर्जाराम मेघवाल, किशोर कामड़, दिलीप रैगर, कालूराम मेघवाल सहित सैकड़ों की संख्या में व्यक्ति मौजूद रहे।

## डॉ. राजकुमार शर्मा की प्रेरणा से दूध महोत्सव मनाया



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद सत्यनारायण मंदिर के पास पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा एवं युवा नेता डॉ. राजपाल शर्मा की प्रेरणा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव वर्ष की पूर्व संध्या पर दूध महोत्सव मनाया गया। प्रदुम्न शर्मा डूण्डलोद के अगुवाई में युवाओं को दूध पिलाकर नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर अयूब ठेकेदार, याकूब, सुरेश पूनियां, गिरधारी पाराशर, सफी बेहलीम, सुभाष जांगिड़, सलीम खुदाबक्श, इमरान अली चोपदार, सुभाषटेलर, उमाशंकर शर्मा, महेंद्र पूनियां, गोविंद स्वामी, फिरोज सैयद, ताराचंद मीणा, असलम चोपदार, सुशील जैन, नौरंगलाल सैनी, ज्ञानचंद सैन, संजय कुमावत, रोशन स्वामी, श्यामलाल तंवर, साजिद सैयद, आजम काजी, राकेश चोपदार, राकेश पाराशर, नरोत्तम आचार्य, पवन खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवाओं ने गायों को खिलाई सवामणी



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** चनाना ग्राम पंचायत क्षेत्र की बड़सरो की ढाणी के युवाओं ने जुगल दास गौशाला चनाना जो पिछले दिनों झुंझुनू जिले में पात्रता में सर्वश्रेष्ठ गौशालाओं में दूसरे स्थान पर रही गौशाला में युवाओं ने नव वर्ष की शुभ वेला पर सवामणी का आयोजन किया। महादेव मंडल बड़सरों की ढाणी चनाना द्वारा दो सवामणियों अपने हाथों से बनाकर गौशाला में गोवंश को खिलायी गयी गई। इस मौके पर विकास झाझड़िया, नवीन झाझड़िया, नंदकिशोर बारी, विकास धींवा, अशोक बड़सरा, सुरजीत धींवा, अनिल काजला, मक्खन सिंह मीणा, विकास बीएसएफ, संदीप जाट, मानसिंह कसवां, प्रताप स्वामी, रामनिवास धींवा, शीशराम धींवा, अभय सिंह मूंड मौके पर उपस्थित रहे।

### भजन संध्या और भंडारा

बडसरों की ढाणी में भजन संध्या एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम मंदिर में पंडित अजय जोशी के सानिध्य में पूजा अर्चना की गई एवं महारती उतर गई। तत्पश्चात भोग लगाया गया। ग्रामीणों ने चूरमा-दाल का प्रसाद सभी के सहयोग करके श्री श्याम को भोग लगाया गया। सभी ग्रामीणों ने मंदिर में माथा टेककर अपनी मनोकामना मांगी। उसके बाद पंगत प्रसाद हुआ। इस मौके पर ढाणी एवं आसपास के ग्रामीणों ने प्रसाद पाया।

## मातृत्व एवं शिशु संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बेबी किट भेंट



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मातृत्व एवं शिशु संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल नोखा वीर केंद्र द्वारा राजकीय बागड़ी जिला चिकित्सालय नोखा में जनवरी माह के लिए नवजात शिशुओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बेबी किट भेंट किए गए।

इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन सुरेंद्र कुमार हीरावत ने कहा कि ये बेबी किट मेडिकेटेड होते हैं तथा नवजात शिशुओं को संक्रामक रोगों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य शिविर प्रभारी भंवरलाल पींचा ने बताया कि जनवरी माह के 200 बेबी किट तिलोकचंद दिनेश कुमार समदड़िया परिवार के सौजन्य से प्रसूति वार्ड प्रभारी प्रज्ञा बारूपाल को भेंट किए गए। इस कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौड़, डॉ. एम.पी. तिवारी, ईश्वरचंद दूगड़, श्याम सेवक, हेमलता सहित नर्सिंग स्टाफ उपस्थित था। प्रज्ञा बारूपाल ने महावीर इंटरनेशनल का आभार व्यक्त किया।

## अशरण को शरण और दीन-हीन का सहारा बनने वाले ही राम-हनुमान है : सुरोलिया

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** वार्ड 1 में फतेहपुर रोड स्थित भानदास वेणुगोपाल मंदिर में नव आंग्ल वर्ष की पूर्व संध्या पर बुधवार सायं आयोजित धार्मिक व्याख्यान माला श्रीराम के हनुमान का व्याख्यान ज्योतिषाचार्य पं आदित्य नारायण सुरोलिया द्वारा किया गया में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पं सुरोलिया ने बताया कि राम और हनुमान ने बाली सुग्रीव में अधर्म धर्म का निर्णय करते हुए धर्म रूपी भयभीत सुग्रीव का साथ दिया और संदेश दिया कि अशरण को शरण देना और दीन हीन वंचित उपेक्षित अंतिम पंक्ति में खड़े जीव को सहारा देना ही सबसे बड़ा धर्म है। आयोजक सुरेश शर्मा ने बताया कि भारतीय धर्मोत्थान समिति और श्रीराम शिव भक्त मंडल मुकुंदगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम में सूर्य वंश रघुकुल राम जन्म हनुमान जन्म और बाल हनुमान का अयोध्या में रहना सीता हरण पर पुनः मिलन होने पर सुग्रीव मिताई सीता अन्वेषण सीता हनुमान संवाद वाटिका और लंका विध्वंश सेना सहित राम रावण युद्ध संजीवन आनयन विजय और पुनः अयोध्या आगमन राज्याभिषेक और स्वतंत्र रूप से राम सेवा रूपी हनुमत राम प्रसंगों की प्रेरक और मार्मिक व्याख्या प्रस्तुत की। इस अवसर पर पौष बड़ा कार्यक्रम भी आयोजित हुआ जिसमें सामूहिक हनुमान चालीसा महा आरती भोजन प्रसादी का कार्यक्रम हुआ जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। इस अवसर पर दिलीप मीणा रामभरत चेजारा, रामरतन चेजारा, मुकेश एआरओए मुरारी सैनी, विजय शर्मा, गोकल राव, रवि सैन, चंद्र पाल दुलर, वासुदेव जी शर्मा, मनीष सोनी, मयंक, राजपाल दुलर, मुकेश सैनी, जयप्रकाश, विमल शर्मा, सुनील वर्मा, रवि शर्मा, दीपक, राजेश शर्मा आदि सैकडो लोग उपस्थित थे।

## जिफ2026 की तृतीय नामांकित फिल्मों की सूची जारी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) 2026 का आयोजन 13 से 15 फरवरी 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा। इसी क्रम में जिफने गुरुवार को तृतीय नामांकित फिल्मों की आधिकारिक सूची घोषित कर दी है। इससे पूर्व जारी प्रथम सूची में 37 देशों की 221 फिल्में तथा द्वितीय सूची में 29 देशों की 119 फिल्मों का चयन किया गया था। तीसरी सूची की घोषणा के साथ ही जिफ 2026 ने एक बार फिर खुद को विश्व के सबसे विविध और प्रतिस्पर्धी फिल्म महोत्सवों में स्थापित किया है। तीसरी सूची में 23 देशों की 51 फिल्में और 21 पटकथाएँ शामिल हैं, जिन्हें 387 अंतरराष्ट्रीय प्रविष्टियों में से चुना गया है। ये चयन फीचर फ़िक्शन, डॉक्यूमेंट्री फ़ीचर, शॉर्ट फिक्शन, डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट, एनीमेशन, फ़ोटोग्राफ़ी, गीत-संगीत, पटकथा और स्टूडेंट फिल्म्स जैसी विभिन्न प्रतिस्पर्धी श्रेणियों में किए गए हैं। इस सूची में भारत सहित विभिन्न देशों की 18 फ़ीचर फ़िक्शन फ़िल्में और 7 डॉक्यूमेंट्री फ़ीचर फ़िल्में शामिल हैं, जो सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और मानवीय विषयों पर आधारित वैश्विक सिनेमा का प्रतिनिधित्व करती हैं। तृतीय सूची में भारत समेत कई देशों की उल्लेखनीय फीचर फिक्शन फ़िल्में भी जगह पाने में सफल रही हैं।

### 1000 से अधिक फिल्म प्रोफेशनल्स होंगे शामिल

जिफ 2026 में भारत सहित 50 से अधिक देशों से 1000 से ज्यादा फिल्म प्रोफेशनल्स-फिल्ममेकर, निर्देशक, निर्माता, लेखक, अभिनेता और सिने विशेषज्ञ एक ही मंच पर जुटेंगे। यह भारत में अपनी तरह का पहला अवसर होगा, जहां वैश्विक सिनेमा का इतना व्यापक संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव में 600 से अधिक फिल्मों की भागीदारी होगी, जिनमें बड़ी संख्या में इंडियन और वर्ल्ड प्रीमियर फीचर फिल्में शामिल रहेंगी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित और पुरस्कार प्राप्त फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग भी की जाएगी।

### रेड कार्पेट से अवॉर्ड नाइट तक

जिफ 2026 की रेड कार्पेट ओपनिंग सेरेमनी 13 फरवरी को होगी जबकि भव्य अवॉर्ड सेरेमनी 14 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। फेस्टिवल के दौरान वर्कशॉप्स, सेमिनार, पैनल डिस्कशन और वन-टू-वन डायलॉग्स का आयोजन भी किया जाएगा, जो फिल्म उद्योग के भविष्य को दिशा देंगे। जिफके संस्थापक-निदेशक हनु रोज ने कहा कि जिफ2026 का उद्देश्य सार्थक और सशक्त सिनेमा को वैश्विक मंच प्रदान करना है तथा उभरते फिल्मकारों, लेखकों और निर्माताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल सिने कॉन्फ्लुएंस - दिल्ली फिल्म कन्वेंशन एवं समिट 2026 के अंतर्गत नई दिल्ली में यह आयोजन वैश्विक सिनेमा आंदोलन को सशक्त करेगा।

## नए साल के साथ ही सर्दी की शुरूआत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ठंडी हवाओं के साथ सुबह आई ओस के कारण सर्दी में एकाएक इजाफा हुआ है। आम लोगों को इस बार सर्दी के देरी से आने की शिकायत थी, लेकिन नया साल लगने के साथ पहले ही दिन जनवरी की शुरूआत ही ठंड से हुई है। लोग दिन में अलाव तापते देखे गए। गर्म कपड़ों से लिपटे लोग अब नजर आने लगे हैं। दिन में सूर्यदेवता कुछ समय के लिए नजर आए। दोपहर बाद ठंडी हवाओं के कारण अब लोगों को अच्छी खासी ठंड का अहसास होने लगा है।

## पन्द्रह साल पुरानी गाड़ियों पर स्क्रैप पॉलिसी गरीबों पर सीधा वार : खाचरियावास

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने राजस्थान सरकार की ओर से पन्द्रह वर्ष पुरानी कारों पर स्क्रैप पॉलिसी लागू करने के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इसे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के साथ सीधा अन्याय बताते हुए कहा कि यह फैसला आम आदमी की भावनाओं और मजबूरियों पर हमला है। खाचरियावास ने कहा कि कई परिवारों के लिए पन्द्रह साल पुरानी कार सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत और सपनों की पहचान होती है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों की आंखों में आज भी अपनी पुरानी कार को देखकर चमक आ जाती है। लेकिन भाजपा सरकार को न बच्चों की भावनाएं दिखती है और न ही आम आदमी की मजबूरी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का यह निर्णय कार कंपनियों को फायदा पहुंचाने और अपनी जेब भरने की मंशा से लिया गया है। सरकार गरीबों और मध्यमवर्गीय लोगों की गर्दन पर वार कर रही है। जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। पूर्व मंत्री ने इस स्क्रैप पॉलिसी को जनविरोधी और काला कानून करार देते हुए चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया तो कांग्रेस गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के हक के लिए सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। खाचरियावास ने कहा कि हम संघर्ष करेंगे और आवाज उठाएंगे। लेकिन भाजपा की तानाशाही नीतियों को चलने नहीं देंगे।

## शीतलहर से बचाव के लिए अपनाएं आवश्यक सावधानियां

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शीत ऋतु में तापमान में गिरावट और शीतलहर के कारण मानव जीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिले में स्थित सभी अस्पतालों में शीतलहर प्रभावितों के उपचार के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए है। सीएमएचओ प्रथम डॉ. रवि शेखावत और सीएमएचओ द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया शीतलहर से बचाव और शीतलहर ग्रसित रोगियों की चिकित्सा और आवश्यक दवाइयां, भंडार आदि की उपलब्धता हेतु समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने ने बताया कि सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें, कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति शीतलहर के समय जितना संभव हो, घर के अंदर रहें और ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें, यदि कपड़े गीले हो जाएँ तो उन्हें तुरंत बदलें, इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें और समाचार पत्र पढ़ें। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का ख्याल रखें। हाइपोथर्मिया के मामले में व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाएं और व्यक्ति के शरीर को सूखे कंबलों, कपड़ों, तौलियों या चादरों से गर्मी दें। शरीर के तापमान को बढ़ाने में मदद करने के लिए गर्म पेय पिलाएं, लेकिन मादक पेय न दें। साथ ही जितनी जल्दी हो सके, व्यक्ति को उचित चिकित्सा उपलब्ध कराएं।

## छात्रा अमायरा मृत्यु प्रकरण में दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** नीरजा मोदी स्कूल जयपुर में अध्ययनरत छात्रा अमायरा की मृत्यु के अत्यंत गंभीर, संवेदनशील एवं झकझोर देने वाले प्रकरण को लेकर संयुक्त अभिभावक संघ राजस्थान ने गुरुवार को मानसरोवर थानाधिकारी लखन सिंह खटाना से मुलाकात कर एसीपी साउथ जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से स्कूल स्टाफ एवं प्रबंधन के दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई। संघ ने कहा कि सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी निरीक्षण रिपोर्ट, नोटिस के पश्चात स्कूल की मान्यता रद्द किया जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि यह मामला केवल आत्महत्या का नहीं बल्कि संस्थागत लापरवाही, मानसिक उत्पीड़न, सुरक्षा मानकों के घोर उल्लंघन एवं साक्ष्य मिटाने जैसे गंभीर आपराधिक कृत्यों का परिणाम है। सीबीएसई का यह कठोर निर्णय दर्शाता है कि प्रकरण अत्यंत गंभीर और आपराधिक प्रकृति का है। संयुक्त अभिभावक संघ के राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू के अनुसार सीबीएसई के निष्कर्षों में सामने आया है कि छात्रा अमायरा लंबे समय से मानसिक प्रताड़ना और भय के वातावरण में जीने को मजबूर थी। स्कूल की एंटी-बुलिंग, चाइल्ड प्रोटेक्शन एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं केवल कागजों तक सीमित पाई गई। घटना के पश्चात साक्ष्य मिटाने, जांच को प्रभावित करने के प्रयास तथा सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा प्रबंधन में गंभीर चूक उजागर हुई है। संयुक्त अभिभावक संघ ने मांग की है कि इस प्रकरण में क्लास टीचर, संबंधित सब्जेक्ट टीचर, घटना स्थल से साक्ष्य मिटाने वाले कर्मचारी, उनके सुपरवाइजर, क्लास कोऑर्डिनेटर, स्कूल प्रिंसिपल तथा नीरजा मोदी स्कूल के मालिक, प्रबंधन के विरुद्ध आत्महत्या के दुष्प्रेषण सहित भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की जाए।

## सेना भर्ती रैली के लिए प्रवेश पत्र जारी

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनू द्वारा बीकानेर में 29 जनवरी से 18 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं।

सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनू ने जानकारी देते हुए बताया कि सफल अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी अपने लॉग-इन आईडी के माध्यम से वेबसाइट अथवा अपने पंजीकृत ई-मेल पर उपलब्ध लिंक से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे प्रवेश पत्र पर अंकित निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ भर्ती रैली में उपस्थित हों।

## एक शाम खाटू वाले के नाम संकीर्तन के साथ मनाया नववर्ष



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** एक शाम खाटू वाले के नाम कार्यक्रम श्याम प्रेमियो द्वारा सत्यम होटल में आयोजित हुवा। श्याम प्रेमी मनोहरलाल रांकावत ने बताया कि नव वर्ष के उपलक्ष में बाबा श्याम के साथ नववर्ष मनाने हेतु एक श्याम खाटू वाले के नाम कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में बाबा के दरबार का आलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा व अखण्ड जोत का कार्यक्रम आयोजित हुवा। कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से सुबह 4:15 बजे तक चला। कार्यक्रम में नोखा के स्थानीय कलाकार मनोहरलाल झंवर, मुरली पारीक, श्याम पारीक द्वारा बाबा के चरणों मे भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान श्याम प्रेमियों द्वारा झूमकर व नाचकर दरबार मे अपनी हाजरी लगाई। कार्यक्रम में बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष ललित झंवर, राजू ओझा, गौरीशंकर तिवाड़ी, पार्षद अंकित तोषनीवाल, पवन झंवर, राहुल पारीक, पवन मूंदड़ा, दिनेश पारीक, पीयूष पारीक, भंवरलाल जोशी, गोपाल तोषनीवाल, आलोक राठी, ओमप्रकाश खीचड़, मूलाराम उपाध्याय, राजू बिश्नोई, नारायण राठी, कन्हैयालाल छिम्पा, देवकिशन साध, रामवतार जोशी, विकास व्यास, केशर छिम्पा, गोपाल सुथार, अजय पारीक, राधेश्याम सुथार, मोहनलाल भादू, गोविंद राठ, श्याम भादू व मातृ शक्ति सहित श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

## विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** आदर्श बस्ती में 25 जनवरी को प्रस्तावित विराट हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं जनसंपर्क पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सभी बस्तियों में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज को एकजुट किया जा सके और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त किया जा सके। बैठक में भोजराज, पवन शर्मा पंकज शर्मा, जयप्रकाश, नरेश सैनी, चन्द्रमोहन, राधेश्याम शर्मा, वीर बहादुर सिंह, पवन सैनी राजकुमार पटीर एवं मनोज पटीर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# पोष बड़ा महोत्सव आयोजित



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** अष्टविनायक धाम में नव वर्ष पर हरे कृष्णा समिति द्वारा पोषबड़े का आयेजन किया गया। गणेश सुरेश पार्टी, सिंगनोर की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। पंडित राम शर्मा ने महाआरती कर भोग लगाकर श्रद्धांलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सुरेश पूनियाए उमाशंकर शर्माए सुभाष जी जंगीर, सीताराम सैनी, विकाश सैनी, मुकेश नवलडी व हरे कृष्णा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# आधार और आभा से ही कटेगी मरीज की पर्ची

## बिना आभा टोकन नहीं मिलेगा चिकित्सकीय परामर्श



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुव्यवस्थित और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से अब मरीजों के लिए आभा आईडी बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। अस्पताल समय नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए पहले आभा आईडी बनाकर उससे ऑनलाइन टोकन प्राप्त करना होगा। इसके बाद ही मरीज को डॉक्टर चैकअप के लिए रजिस्ट्रेशन पर्ची उपलब्ध करवाई जाएगी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार आने वाले दिनों में बिना आधार कार्ड व आभा पंजीकरण के उपचार प्रक्रिया मुश्किल हो जाएगी। इसलिए मरीजों को सलाह दी गई है कि वे जल्द से जल्द अपनी आभा आईडी बनवाकर उसे स्वास्थ्य रिकॉर्ड से लिंक करवा लें। राजकीय चिकित्सालय लाडनूं के पीएमओ डॉ. भरत कसेरा ने बताया कि इस सिस्टम से मरीजों का पूरा हेल्थ हिस्ट्री सुरक्षित रहेगी और लंबी कतार में लगने से बचाव के साथ समय की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की गाइडलाइन के तहत इस व्यवस्था को लागू करने के आदेश जारी कर दिए हैं। गुरुवार को इसके लिए अलग से काउंटर व्यवस्था शुरू कर लोगों को जागरूक किया गया है।

# आसमान से बरसा अमृत, 13 एमएम हुई बारिश



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** क्षेत्र में गुरुवार सुबह से ही मौसम में आये बदलाव के बाद दिन भर में 13 एमएम बारिश हुई। अच्छी बारिश के बाद किसानों के चेहरे खिल उठे। इससे गेहूं, जौ, चना व सरसों को व्यापक फायदा मिलने की उम्मीद है। शाम करीब छह बजे बारिश रुकते ही बाजारों में रौनक लौट आई। लोगों ने कचोरी, जलेबी, चाट का लुत्फ उठाया। सुबह करीब पांच बजे क्षेत्र में रूक रूक कर हल्की बारिश हुई। इसके बाद कोहरा छाने व बादल छाये रहने से मौसम में ठण्डक आ गई। दोपहर बाद करीब पांच बजे से फिर बारिश का दौर चला। इस दौरान समाझम बारिश हुई। इससे 13 एमएम बारिश रींगस तहसील में रिकॉर्ड की गई। बारिश के दौरान श्याम भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भक्तों को दुकानों व घरों में शरण लेनी पड़ी। शाम करीब छह बजे बारिश रुकते ही बाजारों में गर्म पकवानों की अचानक ही मांग निकल आई। सड़कों पर दुकानों में गजक, गर्म जलेबी, पकौड़ी, समोसे-कचौरी आदि का लोगों ने जमकर जायजा लिया।

# उद्योग केन्द्र का वरिष्ठ सहायक 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की सवाई माधोपुर टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए जिला उद्योग केन्द्र सवाई माधोपुर के वरिष्ठ सहायक सूर्य प्रकाश नामा को परिवादी से 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी सवाई माधोपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पिताजी व उसके भाइयो के नाम जिला उद्योग केन्द्र सवाई माधोपुर से डॉ. भीमराव अम्बेडकर दलित प्रोत्साहन स्कीम के तहत तीनो दुकानों की सब्सिडी व ब्याज अनुदान राशि डालने की एवज में जिला उद्योग केन्द्र का वरिष्ठ सहायक सूर्यप्रकाश नामा तीस हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी की टीम ने रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया गया तो रिश्वत मांग सत्यापन में वरिष्ठ सहायक सूर्य प्रकाश नामा ने परिवादी से सब्सिडी व ब्याज अनुदान राशि डालने की एवज में तीस हजार रुपये रिश्वत राशि की मांग कर 25 हजार रुपये लेने पर सहमत हुआ। जिस पर एसीबी सवाई माधोपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञान सिंह चौधरी के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ सहायक सूर्य प्रकाश नामा को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

# बृहद मंगल पाठ में उमड़ा श्रावक समाज का जनसैलाब

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** के तेरापंथ भवन में नववर्ष के शुभ अवसर पर मुनि श्री सुमति कुमार जी ठाणा तीन के सान्निध्य में बृहद मंगल पाठ का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुनि श्री ने श्रावक समाज को सुखी, संपन्न और रोगमुक्त जीवन की कामना के साथ कष्ट निवारण, रोग



निवारण एवं सुख-समृद्धि बनाए रखने वाले मंत्रों का विधिवत उच्चारण कराते हुए उनका महत्व समझाया। मुनि श्री सुमति कुमार जी ने जैसे पवित्र शब्द के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी श्रावकों को प्रतिदिन कम से कम एक माला फेरने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि नियमित मंत्र जाप से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और विघ्न-बाधाएं दूर होती हैं। नववर्ष पर आचार्य श्री की ओर से सरदारशहर पर असीम कृपा के रूप में मुनि श्री सुमति कुमार जी ठाणा तीन के दो से तीन सप्ताह तक सरदारशहर में विराजने की संभावना जताई गई, जिसे श्रावक समाज ने सौभाग्य का विषय बताते हुए हर्ष व्यक्त किया। इसे नववर्ष का शुभ और फलदायी संकेत माना गया। कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष राजेश बुच्चा, अणुव्रत समिति अध्यक्ष सुमन भंसाली, युवक परिषद अध्यक्ष मोहित आचलिया, महिला मंडल अध्यक्ष शांति चिंडालिया, कन्या मंडल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बृहद मंगल पाठ श्रवण के लिए श्रावक समाज का जनसैलाब उमड़ पड़ा। चातुर्मास के बाद यह पहला अवसर था जब इतनी बड़ी संख्या में श्रावक एक साथ तेरापंथ भवन में उपस्थित हुए, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और शोभा और बढ़ गई। अंत में अर्हम के पवित्र उच्चारण के साथ सभी ने नववर्ष के लिए मंगल कामनाएं कीं।

# दिन भर भक्तों का लगा रहा तांता

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** लखदातार के नव वर्ष पर धोक लगाने के लिए गुरुवार को भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। रींगस जंक्शन पर 24 से अधिक स्पेशल ट्रेने चलाने के बावजूद यात्रियों की भारी भीड़ रही। इस दौरान जंक्शन पर पैर रखने की भी जगह नहीं मिली। आरपीएफ, जीआरपी, सुरक्षा सखी व अन्य ने सुरक्षा व व्यवस्थाए संभाली रखी। यही यात्रियों के लिए टिकिट काउंटरों की अलग से व्यवस्था की गई। यहां पर टिकिट लेने के लिए यात्रियों की लाईने जगी रही। रेलवे ने भक्तो के लिए अनेक व्यवस्थाओं को चाक चौबन्द रखा। लाखों भक्त रींगस से अपने आराध्य देव के दर्शनों के लिए हाथों में निशान थाम कर पैदल जयकारे लगाते हुए चलते नजर आये। इस दौरान हजारो भक्तों ने रींगस के प्राचीन श्याम मंदिर में पूजा अर्चना कर खुशहाली की मन्नते मांगी। सड़कों पर यातायात का भारी दबाव नजर आया। इसके



चलते मिल तिराहे व भैरूजी मोड़ पर वाहनों की कतारे लग गई। पुलिस व यातायात पुलिस व्यवस्थाए सभालते नजर आये। इससे पहले 31 दिसम्बर की रात बारह बजे भक्तों ने बाबा के जयकारे के साथ जमकर आतिशबाजी की तथा हारे के सहारे को हैप्पी न्यू ईयर की चधाई देकर खुशहाली की कामना की। नये साल को लेकर लोगों ने अपने प्रतिष्ठानों पर विद्युत की झालरों से सजावट की। इस दौरान अनेक इमारते जगमगाती नजर आई। आरपीएफथाना प्रभारी व जीआरपी चौकी प्रभारी स्वयं रेलवे स्टेशन पर व्यवस्था करते नजर आये। भक्तों को रेल सफर में किसी भी प्रकार की परेशानी नही आये इसके लिए व्यवस्थाजो को माकूल रखा गया। रेलवे को ढाई करोड़ रुपए की हुई आय रेलवे ने पिछले 4 दिन में तीन लाख श्रद्धालुओं को अपने गंतव्य तक पहुंचाया। इस दौरान रेलवे को यात्रियों से 2.50 करोड रुपए की आय हुई व्यवस्था संभालने के लिए रेलवे ने 110 राजस्व कर्मचारी व सुरक्षा कर्मचारी लगाए गए तीन दिन में रेलवे ने 24 अतिरिक्त ट्रेनें संचालित की है इसके अलावा लगभग 50 ट्रेन रिंगस जंक्शन पर पहुंच रही है।

# हेड कांस्टेबल दस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी सीकर टीम ने कार्रवाई करते पुलिस थाना सदर नीमकाथाना जिला सीकर के पुलिस हेड कांस्टेबल राजेश कुमार को परिवादी से दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी सीकर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके भाईयों के विरूद्ध दर्ज मामले में आरोपित नहीं बनाने की एवज में पुलिस हेड कांस्टेबल राजेश कुमार दस हजार रुपये बतौर रिश्वत पूर्व में प्राप्त कर शेष दस हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी सीकर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पुलिस हेड कांस्टेबल राजेश कुमार को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

# राष्ट्रीय वुशू पदक विजेता खिलाड़ियों का किया स्वागत




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। चूरू वुशू संघ सचिव चिंकित शर्मा ने बताया कि 25 से 30 दिसंबर को छतिसगढ में आयोजित हुई 9वीं फेडरेशन कप राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता चूरू के 5 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें टीना और अशोक ने रजत पदक और कार्तिक ने कांस्य पदक जीता और पलक व तनिष्का ने शानदार प्रदर्शन किया। तारानगर पहुंचने पर खिलाड़ियों और साथ में गए योगेन्द्र शर्मा का चूरू वुशू संघ के अध्यक्ष सुभाष शर्मा और स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक सुशील दाधीच ने माला पहना कर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा सभी पदाधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ऐसे ही निरंतर पदक जीतने और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर सरला शर्मा, अनुसूइया शर्मा और एकेडमी के खिलाड़ी मौजूद रहे।

# पौष बड़ा महोत्सव में सजे भोलेनाथ



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चांदपोल बाजार स्थित दीनानाथ जी का रास्ता, मिस्त्री खाना चौराहा स्थित त्रि शीखरेश्वर शिवालय मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना कर फूल बंगला झांकी सजाई गई और विविध व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर के सेवक प्रदीप सेठी ने बताया कि प्रात:काल भगवान भोलेनाथ का गंगाजल एवं सुगंधित औषधियों के गुनगुने जल से पंचामृत अभिषेक कराया गया। इसके बाद भगवान को नवीन पोशाक धारण कराई गई। पौष बड़ा महोत्सव के अवसर पर मनमोहक फूल बंगला झांकी सजाकर पुए, सूजी का हलवा, पकौड़ी, पूड़ी, सब्जी, हरे धनिये की चटनी तथा तिल से बने व्यंजनों का भोग लगाया गया। इस दौरान भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए। भक्तों द्वारा भोलेनाथ की महाआरती की गई और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने झांकी के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर को फूल-मालाओं, बंदरवार और आकर्षक रोशनी से सजाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय महिला भजन मंडल ने भजनों के माध्यम से भोलेनाथ का गुणगान किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सीकर रोड स्थित परिवहन कार्यालय परिसर में गुरुवार को सड़क सुरक्षा माह का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने की, जबकि मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल गुर्जर, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा तथा पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता सतीश गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को यातायात नियमों की पालना की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिलेभर में एक माह तक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाना है।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें प्रशासन के साथ आमजन की सहभागिता भी आवश्यक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति नियमों का पालन करे तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की। जिला परिवहन अधिकारी मोनू सिंह मीणा ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले में विशेष जांच अभियान, जागरूकता रैलियां, विद्यालयों में कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक एवं प्रचार-प्रसार गतिविधियां आयोजित की जाएगी। साथ ही दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान गायक जाकिर अब्बासी का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन भावना शर्मा ने किया। अंत में सभी उपस्थितजनों से सुरक्षित, संयमित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। उस दौरान परिवहन निरीक्षक रमेश कुमार यादव, रोहिताश कुमार भगासरासमेत परिवहन कार्यालय केकर्मचारी एवं गणमान्य जन मौजूद रहे।

# पोष बड़ा महोत्सव आज



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री श्याम बाबा सेवा समिति, न्यू सांगानेर रोड की ओर से विगत छह वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा पौषबड़ा प्रसादी कार्यक्रम इस वर्ष और भी भव्य रूप में संपन्न होगा। समिति की युवा एवं ऊर्जावान टीम द्वारा संचालित यह आयोजन इस बार लगभग 7 से 8 हजार श्रद्धालुओं की पंगत प्रसादी के साथ आयोजित किया जा रहा है। पोष बड़ा पंगत प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन कलकत्ता हाउस मैरिज लॉन, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला में शुक्रवार को किया जाएगा। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन जयपुर फल एवं सब्जी थोक विक्रेता संघ, मुहाना मंडी के अध्यक्ष योगेश तंवर द्वारा किया गया। पोस्टर विमोचन के अवसर पर आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के आयोजकों में संजय सैनी, निखिल अजमेरा, राहुल शर्मा, अमित ओरी, दीपेंद्र सिंह, सोनू सोलंकी, सुरेश सैनी एवं राजकुमार सैनी शामिल हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से पोष बड़ा महोत्सव में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया है।

# नन्दी के बढ़ते हुए सींग का काटकर किया इलाज



रामावतार सोनी

**बुगाला ( नवयत्न )।** गौ चिकित्सा केवल उपचार नहीं बल्कि करुणा का वह स्वरूप हैए जहां बिना कहे पीड़ा समझी जाती है और बिना किसी अपेक्षा के सेवा की जाती है। कुछ ऐसे ही दृश्य जाखल गौशाला में देखने को मिले। गोशाला अध्यक्ष प्रताप सिंह मूंड ने बताया कि यहां एक नन्दी का सींग असामान्य रूप से बढ़ गया था, जो धीरे-धीरे मुड़कर चेहरे में धंसने लगा था। इस कारण उसे खाने-पीने में अत्यधिक कष्ट हो रहा था। समय रहते नन्दी को रेस्क्यू किया गया और पूरी सावधानी व संवेदनशीलता के साथ सींग को काटकर उसे पीड़ा से राहत पहुंचाई। इसी प्रकार एक नन्दी की जीभ पर किसी जीव के काटने से गंभीर सूजन आ गई थी। दर्द और बेचैनी उसके व्यवहार में स्पष्ट दिखाई दे रही थी। तुरंत उपचार किया गया। आवश्यक दवा दी गई और धीरे-धीरे उसकी तकलीफ कम होने लगी। यह सब गौ भक्तों के सहयोग से ही संभव हुआ।

# हिंगोनिया गौशाला में सीएसआर के तहत टीन शेड का निर्माण



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पंजाब नेशनल बैंक की ओर से अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों के अंतर्गत हिंगोनिया गौशाला में टीन शेड का निर्माण कराया गया। इस नवनिर्मित टीन शेड का उद्घाटन पंजाब नेशनल बैंक अंचल कार्यालय जयपुर के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख राजेश भौमिक, मंडल कार्यालय जयपुर-अजमेर के मंडल प्रमुख धर्मेंद्र कुमार तथा उप मंडल प्रमुख अनिल कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख राजेश भौमिक ने कहा कि गौ सेवा परम धर्म है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए पंजाब नेशनल बैंक ने लगभग 10 लाख रुपये की लागत से टीन शेड का निर्माण कर गौ सेवा की दिशा में एक छोटी किंतु सार्थक पहल की है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में भी बैंक इसी प्रकार सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से समाज सेवा और गौ सेवा के अपने दायित्वों का निर्वहन करता रहेगा। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ राधेश्याम मीणा, हिंगोनिया गौशाला प्रमुख प्रेमानंद निताई दास, गौशाला के सीएसआर प्रभारी मुकुल पारीक, पंजाब नेशनल बैंक जगतपुरा शाखा के शाखा प्रमुख भरत लाल मीणा, फाल्यावास शाखा के शाखा प्रमुख नरेंद्र शर्मा, मंडल कार्यालय जयपुर-अजमेर से राजभाषा प्रबंधक डॉ ममता मीना तथा कार्यालय सहायक संजय शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## भक्तों की सहायतार्थ प्रभु लेते हैं अवतार : पारीक

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सार्वजनिक सेवा समिति नलिया बास द्वारा निजी स्कूल के सामने चल रही श्रीमदभागवत कथा में तृतीय दिवस पर कथावाचक पंडित भवानी शंकर पारीक ने जब.जब भक्तों में संकट आता है, तब तब प्रभु भक्तों की रक्षा के लिए पृथ्वी पर अवतार लेते हैं। कथा में शक्ति चरित्र, भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र सुनाया गया। पंडित चंद्र प्रकाश ने पूजा अर्चना करवाई। समिति के सदस्य ईश्वर चंदोलिया, बाबूलाल यादव, डालम चंद तँवर, गौरधन टाक, धर्मवीर स्वामी, निर्मल तँवर, अनिल पँवार, रोहित टाक, अनिल स्वामी आदि ने व्यवस्था सम्भाली। संचालन संदीप जोशी ने किया

# नई साल की शुरुआत दूध महोत्सव के साथ

संजय सोनी



**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव में नववर्ष का आगमन नए जोश उमंग और युवाओं में नशा मुक्ति के साथ हुआ। निवर्तमान पंस सदस्य ओमप्रकाश बुगालिया ने युवाओं को दूध जलेबी और पकौड़ी खिलाकर शुभारंभ किया। जिला परिषद सदस्य धनपत सिंह ने संगठित रहने का संदेश दिया। ग्रामीणों ने बुगालिया का स्वागत किया।इस मौके पर भंवर सिंह, मुरलीधर गुप्ता, फुलचंद बुगालिया, राजेश पेंटर, शक्ति सिंह शेखावत, कपिल कुमावत, सुरेश कुमावत, जगदीश, प्रवीण कुमावत, दीपेंद्र शर्मा, अजय जांगिड़, डॉक्टर मिथुन, हनुमान सिंह रायका, मोनू रायका, महेंद्र केडिया, मुकेश माहिच, नागरमल ओळख, विपिन शर्मा, महेंद्र वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# नया कालखंड, नए साल से नई उम्मीदें




नव वर्ष का आगमन अनेक अपेक्षाओं के साथ होता है। इस अवसर पर सभी शुभ की कामना करते हैं। हम भारत के लोग तो उस संस्कृति के वारिस हैं, जो प्राणिमात्र के कल्याण की बात करती है और समस्त वसुधा को एक कुटुंब की तरह देखती है, लेकिन सर्वत्र शुभ का संचार होने की चाह के बीच यह भी एक यथार्थ है कि व्यक्ति की तरह समाज और राष्ट्र के जीवन में चुनौतियां आती ही रहती हैं। वे इस वर्ष भी आएंगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि इस नए वर्ष में हम उनका सही तरह सामना करने में समर्थ हों और तेजी के साथ प्रगति के उस पथ पर आगे बढ़ें, जिसमें सुख, समृद्धि के साथ समरसता भी बढ़े। यह तब संभव होगा, जब एक राष्ट्र के रूप में हमारी कार्यसंस्कृति बदलेगी और उन बुनियादी समस्याओं का समाधान होगा, जो प्रगति की राह में रोड़ा हैं। वैसे तो किसी भी देश की कार्यसंस्कृति बदलने का दायित्व मुख्यत: शासन और प्रशासन में बैठे लोगों का होता है, लेकिन इस काम में जनता का सहयोग भी आवश्यक होता है। विश्व के कई देशों का इतिहास इसकी ही गवाही देता है कि उनका भाग्योदय तब हुआ, जब वहां के शासकों के साथ आम लोगों ने भी अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए समर्पण भाव से काम किया।

अब भारत सबसे अधिक जनसंख्या वाला राष्ट्र है। विशाल आबादी और भिन्न पंथ, भाषा वाले देश की प्रगति के लिए शासन-प्रशासन के साथ आम जनता का रुख-रवैया बदले बगैर बात बनने वाली नहीं है। यह समझा जाए कि जैसे शासक का धर्म होता है, वैसे ही नागरिक का भी। विभिन्न समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन के लोगों को उचित ही कठघरे में खड़ा किया जाता है, लेकिन यह प्रश्न प्राय: अनुत्तरित रहता है कि क्या हम भारत के लोग अपने नागरिक धर्म का निर्वाह सही तरह करते हैं? हमें अपने अधिकारों के प्रति सजग होना ही चाहिए, लेकिन क्या हम अपने कर्तव्यों को लेकर भी सचेत रहते हैं? यदि हमारी अनेक समस्याओं का समाधान शासन-प्रशासन की ढिलाई के चलते नहीं हो पाता तो कई समस्याएं इसलिए जटिल बनी रहती हैं कि लोगों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता। यदि जन सहयोग का यह अभाव दूर हो सके तो इस नए वर्ष में आत्मनिर्भर भारत की राह और आसान हो सकती है और यह किसी से छिपा नहीं कि आत्मनिर्भरता विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को पाने की कुंजी है।

2025 की विदाई के साथ ही देश उस नए कालखंड में प्रवेश कर रहा है, जब विकसित भारत का लक्ष्य और निकट आ गया है। यह लक्ष्य वास्तव में प्राप्त हो सके, इसके लिए मानसिकता में बदलाव लाना भी आवश्यक है। ऐसा करके ही हम अपनी कार्यसंस्कृति बदल सकेंगे और आने वाले कल की चुनौतियों से पार पा पाएंगे। हम सब मिलकर ऐसा कर सकें, इस आशा के साथ नव वर्ष की शुभकामनाएं।

## विशेष आलेख

# कृपया पेटी बांध लें, हम कर्तव्य के नये रन-वे पर उतरने को हैं..!

**“ बीती रात सारे देश में मौज-मस्ती का माहौल रहा। लोग होटलों में लाइन लगाकर जगह तलाशते रहे। मॉल से लेकर क्लबों तक में रंगारंग कार्यक्रम व अलग-अलग मौज-मस्ती के तौर-तरीके आजमाए जाते रहे। लेकिन ऐसे शोरगुल में उस बड़ी आबादी की चीख-पुकार गुम होकर रह गयी जो सड़कों और रैन बसेरों में रात काट रही थी। समाज के आखिरी छोर पर खड़े सभी लोगों को हमें अगले सफर पर साथ लेकर चलना होगा। हम वर्ष 2026 के रन-वे पर उतरने के लिये उड़ान भर चुके हैं। अपने कर्तव्य की पेटियां बांध लें।**

यह ठीक है कि पिछले सालों में हमने खूब तरक्की की है। मगर जो तरक्की की दौड़ में पिछड़ गए हैं, उनका भी ख्याल होना चाहिए। ऊंची उड़ान के दौरान पीछे के स्याह सच को भी देखना जरूरी था। नये साल में देश को समावेशी विकास की जरूरत है। जरूरी है कि महिला आबादी के लिए न्याय व समानता यकीनी बने। सभी तबकों के लिए सुरक्षा, रोजगार व स्वच्छ पर्यावरण के दावे भी हकीकत बनें।

बीते सफर में हमने जो हासिल किया और जो गंवाया, उस पर मंथन की भी जरूरत है। सरकारों ने हमें विकास की उजली तसवीर दिखायी है। इसमें दो राय नहीं है कि हमने तमाम क्षेत्रों में कामयाबी की उड़ान भरी थी। लेकिन ऊंची उड़ान के दौरान नीचे के स्याह सच को भी देखना जरूरी था। देश में बेरोजगारी कम होती नजर नहीं आई है। जब-तब सांप्रदायिकता का फन सिर उठाता रहा। आर्थिक गैर-बराबरी दूसरी बड़ी चुनौती है। अमीर और अमीर तथा गरीब ज्यादा गरीब होता रहा है। कामयाबी की उस उड़ान के वक्त धरातल की हकीकत पर नजर डालनी चाहिए थी। अब जब हम नये साल के रन-वे पर उतरने को तैयार हैं तो कृपया अपने कर्तव्य की पेटी बांध लें। यह एक कड़वी हकीकत है कि महिलाओं के साथ होने वाले अन्याय कम नहीं हुए। कई इलाकों से यौन हिंसा की खबरें अकसर आती रहीं। सेंगर प्रकरण की पूरे देश में गूंज रही। फिर देश की सबसे बड़ी अदालत ने हाईकोर्ट द्वारा दी गई जमानत पर तीखी प्रतिक्रिया के बाद उसे रोक दिया। सवाल फिर वही है कि क्या एक नागरिक के रूप में हम अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते रहे? क्या हम प्रभावशाली राजनेताओं को कठघरे में खड़ा करने के लिये पीड़ित के साथ खड़े हुए? क्या हम और सरकार लोकतांत्रिक मर्यादा के साथ बंधे रहे?

पिछले दिनों आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने संसद में देश के गिग-वर्कर्स का मुद्दा उठाया, जो अपनी जान जोखिम में डालकर ग्राहकों का ऑर्डर डिलीवर करते हैं। एक तरफ उन्हें कंपनियों के मालिकों के सख्त व्यवहार का शिकार होना पड़ता है, वहीं किसी कारण अगर ऑर्डर डिलीवरी देने में तकनीकी कारणों से देरी होती है तो उन्हें लोगों के गुस्से का शिकार बनना पड़ता है। लोग कुछ मिनट देर होने पर उन्हें अनाप-शनाप कहने से पीछे नहीं हटते। हालांकि, हाल ही में केंद्र सरकार ने गिग वर्करों के वेतन, सेवा शर्तों व चिकित्सा सुविधा देने को अनिवार्य किया, लेकिन कंपनियों के मालिक उनके वाजिब हक देने को राजी नहीं दिखते। जिसकी वजह से डिलीवरी करने वाले गिग-वर्कर आंदोलन के रास्ते चलने को तैयार बैठे हैं। छोटे दुकानदारों का अलग दर्द है कि जब से मॉल और ऑनलाइन कारोबार ने रफ्तार पकड़ी, उनका धंधा चौपट



होता गया है। भले हम दुनिया में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था की ओर उडारी भरने को उत्सुक हैं, मगर पिछड़ों व वंचितों को भी साथ लेकर चलने की दिशा में बढ़ते हुए कृपया अपने कर्तव्यों की पेटी बांध लें।

वैसे, देश में प्रधानमंत्री के उद्घोष ‘न खाऊंगा और न खाने दूंगा’ का मंत्र सिरे चढ़ता नजर आ रहा है। यूं तो देश में भ्रष्टाचार की कमी नहीं है लेकिन राजग सरकार व भाजपा शासित राज्यों के मंत्री आमतौर पर भ्रष्टाचार से कन्नी काटते नजर आए। वहीं यह अच्छी बात है कि राजग सरकारों ने शिक्षा नीतियों में बड़े बदलाव किए। पाठ्यक्रमों में इतिहास की जानकारी में बदलाव भले हों मगर यह सब धर्मनिरपेक्ष ढांचे में हो तो बेहतर है। यह सुनिश्चित हो कि सांप्रदायिकता के उफान की कीमत अल्पसंख्यकों को चुकानी न पड़े।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले अत्याचार की पूरी दुनिया में खासी चर्चा देखी-सुनी गई है। यह हकीकत है कि किसी समाज में धर्म व संप्रदाय के नाम पर भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। यह सरासर मानवता के खिलाफ अपराध कहा जाएगा। यहां हमारे देश के कर्ता-धर्ताओं को सोचना होगा कि क्या देश में कहीं धर्म व सांप्रदायिकता के आधार पर भेदभाव तो नहीं हो रहा है। कहीं बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा भारत की घटनाओं का प्रतिकार तो नहीं है? हमें भारत की सनातन परंपरा के अनुसार सभी धर्मों के लोगों की आस्था व विश्वास का सम्मान करना होगा। यह तभी होगा जब हम अपने मौलिक अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करेंगे। तभी देश की तरक्की की उड़ान सही दिशा में होगी।

बीते साल में हमने देश में अंतरिक्ष से लेकर विज्ञान-तकनीक के क्षेत्र में खूब तरक्की की है। विकास का सूचकांक ऊंचा है। सकल घरेलू उत्पाद दर दुनिया में सबसे ऊंची बतायी जा रही है। मगर सोचना पड़ेगा कि देश के कमजोर वर्गों को मिलने वाला मुफ्त राशन अस्सी करोड़ लोगों को क्यों दिया जा रहा है? क्या वाकई गरीबी के आंकड़े कम हो रहे हैं? देश की राजधानी दिल्ली में प्रदूषण जानलेवा बन रहा है। अरावली का संकट फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के अपने फैसले पर रोक लगाने पर कुछ दिन के लिये टल गया है। मगर हमारा हवा-पानी साफ क्यों नहीं हो रहा है? गुरु नानक देव जी ने कहा है : ‘पवन गुरु, पाणी पिता, माता धरति महतु।’ यानी वायु गुरु हैं, जल पिता हैं और पृथ्वी सबकी महान माता हैं। सवाल यह है कि क्या हम वायु, जल व पृथ्वी को आज ऐसा सम्मान दे रहे हैं? अब वक्त आ गया है कि हम सब मिलकर स्वच्छ पर्यावरण बनाने के संकल्प की उड़ान के लिये कर्तव्य की पेटी कस कर बांध लें।

नये साल में तरक्की के रास्ते सरकार व समाज के साझे प्रयासों से तय होंगे। यह ठीक है कि पिछले सालों में हमने खूब तरक्की की है। मगर जो तरक्की की दौड़ में पिछड़ गए हैं, उनका भी ख्याल होना चाहिए। हम विमान में सामान लेकर चलते हैं। केबिन के अंदर हमें चमक-दमक वाला कैरी बैग तो नजर आता है। मगर जहाज के पीछे-नीचे कारगो होल्ड में रखा चेकइन बैगेज नजर नहीं आता। पर देर-सवेर विमान से उतरते समय कनवेयर बेल्ट पर तो वो दिखायी देता है। इसी तरह हमारी विकास यात्रा की अच्छाइयां तो दिखायी जाती हैं। तरक्की के दावे तो दर्शाए जाते हैं, लेकिन इस दौड़ में पिछड़ने वाले बेरोजगार, गरीब व वंचितों की तसवीर नहीं दिखायी जाती है। नये साल में देश को समावेशी विकास की जरूरत है। तो आइये नव वर्ष के साथ हम सब एक साथ दायित्व बोध की अंगड़ाई लें, संकल्प की पेटियां थाम लें, हम कर्तव्य पथ पर उतर चुके हैं।

## स्वास्थ्य समाचार

# सर्दियों में अजवाइन खाने से शरीर को मिलेंगे यह फायदे

अजवाइन पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। अजवाइन में कई ऐसे कंपाउड्स भी पाए जाते हैं, जो हेल्थ के लिए बहुत जरूरी होते हैं। आपको बता दें कि अजवाइन में फाइबर, विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा काफी अधिक होती है। इसलिए आपको स्वस्थ रहने के लिए अपनी डाइट में अजवाइन को जरूर शामिल करना चाहिए। अजवाइन की तासीर भी गर्म होती है, इसलिए सर्दियों में आपको अजवाइन का सेवन जरूर करना चाहिए। अजवाइन पाचन से जुड़ समस्याओं को ठीक करता है।



### पाचन को दुरुस्त बनाए

सर्दी के मौसम में अकसर लोगों को पाचन से जुड़ी समस्याओं से परेशान होना पड़ता है। अगर आपको भी पाचन से जुड़ी समस्याएं हो रही हैं, तो इसके लिए आप अजवाइन का सेवन कर सकते हैं। अजवाइन में मौजूद पोषक तत्व पाचन को दुरुस्त बनाने में असरदार साबित हो सकते हैं। अजवाइन खाने से गैस, कब्ज और एसिडिटी से छुटकारा मिल सकता है।

### बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाए

अजवाइन में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं। इसके साथ ही अजवाइन में थाइमोल नामक कंपाउड भी पाए जाते हैं। सर्दियों में अजवाइन खाने से आप बैक्टीरियल और फंगल इंफेक्शन से बच सकते हैं।

### सर्दी जुकाम में आराम दिलाए

अजवाइन की तासीर गर्म होती है। ऐसे में आप सर्दी जुकाम से बचने के लिए अपनी डाइट में अजवाइन शामिल कर सकते हैं। दरअसल, अजवाइन खाने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है। जब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनती है, तो सर्दी जुकाम का जोखिम भी कम हो जाता है।

### बॉडी का गर्म रखे

सर्दियों में हम सभी अपने शरीर को गर्म रखने के लिए तरह-तरह की चीजों का सेवन करते हैं। आप चाहें तो बॉडी को गर्म रखने के लिए अजवाइन का सेवन भी कर सकते हैं। अजवाइन की तासीर गर्म होती है। इसलिए अगर आप रोजाना अजवाइन का सेवन करेंगे, तो इससे आपका शरीर गर्म रहेगा। अपने शरीर को गर्म रखने के लिए आप रोजाना अजवाइन का काढ़ा बनाकर पी सकते हैं।

### ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखे

सर्दियों में बीमारियां होने का जोखिम काफी बढ़ जाता है। ऐसे में ब्लड प्रेशर भी बढ़ सकता है। आप अपने ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने के लिए अजवाइन का सेवन कर सकते हैं। अजवाइन में मौजूद गुण ब्लड प्रेशर को नियंत्रण में रखने में मदद कर सकते हैं।

# रोज सुबह पिएं तेज पत्ता और दालचीनी की चाय, सेहत को होंगे यह फायदे

रोजाना सुबह चाय पीना तो हम सभी को काफी पसंद होता है। बहुत से लोगों का तो पसंदीदा मॉर्निंग ड्रिंक है, और सुबह की शुरुआत भी इसके साथ ही होती है। लेकिन दूध, चीनी और चाय पत्ती वाली सामान्य चाय का सेवन सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होता है, इसलिए सुबह इसके सेवन से बचना चाहिए। हालांकि आप सामान्य चाय के बजाए, हर्बल चाय का विकल्प चुन सकते हैं। ऐसी कई चाय हर्बल चाय मौजूद हैं जिनका सेवन आप सुबह कर सकते हैं और सेहत के लिए बहुत फायदेमंद भी होती हैं। जिनमें से एक है तेजपत्ता और दालचीनी की चाय। वैसे तो आप ग्रीन टी, लेमन टी, अदरक की चाय, पुदीना चाय और कई अन्य चाय का सेवन भी कर सकते हैं। लेकिन तेजपत्ता और दालचीनी की चाय के अपना अलग स्वाद और फायदे हैं, जो कि किसी और चाय में नहीं मिलते हैं। तेजपत्ता और दालचीनी में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं, साथ ही इनमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल, एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी मौजूद होते हैं। साथ ही इनमें ए और सी भी होते हैं, इसके अलावा पोटेशियम, कैल्शियम, आयरन,



मैग्नीशियम, फास्फोरस का भी ये अच्छा स्त्रोत हैं। जब आप तेजपत्ता और दालचीनी की चाय का सेवन करते हैं, तो यह न सिर्फ आपको कई रोगों से बचाती है, बल्कि उनके उपचार में भी मदद करती है।

**पाचन बनाए मजबूत :** सुबह इस चाय का सेवन करने से चाय आंत में सूजन कम होती है, साथ ही अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा मिलता है। यह आपके पाचन को स्वस्थ बनाने में मदद करती है और एक नेचुरल मेटाबॉलिज्म बूस्टर के रूप में काम करती है। जिससे यह आपके पेट संबंधी समस्याओं से दूर रखती है।

**शुगर कंट्रोल में मददगार है :** अगर डायबिटीज रोगी नियमित तेजपत्ता और दालचीनी की चाय का सेवन करते हैं, तो इससे इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार होता है, साथ ही ब्लड शुगर कंट्रोल में मदद मिलती है। दालचीनी को शुगर कंट्रोल रखने के लिए बहुत प्रभावी मसाला माना जाता है।

**इम्यूनिटी मजबूत होती है :** बदलते मौसम के दौरान आपको सर्दी-जुकाम, मौसमी और वायरल संक्रमण जैस समस्याओं से आपको सुरक्षित रखने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में यह चाय बहुत लाभकारी है। इसका नियमित से वायरल समस्याओं के उपचार और उनसे बचाव में भी मदद मिलती है।

**शरीर को करे डिटॉक्सिफाई :** अगर आप एक नेचुरल डिटॉक्स ड्रिंक ढूंढ रहे हैं तो तेजपत्ता और दालचीनी की चाय एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल और एंटी-फंगल प्रॉपर्टीज हानिकारक बैक्टीरिया और टॉक्सिन से लड़ने में मदद करते हैं। यह फ्री-रेडिकल्स से भी लड़ते हैं, जो कई गंभीर समस्याओं का कारण बनते हैं। यह चाय पीने से फैट का संचय भी कम होता है और कैलोरी बर्न करने में मदद मिलती है।

### हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है

अगर आप अपने दिल को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो रोज इस चाय का सेवन कर सकते हैं। इससे कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में मदद मिलती है, साथ ही शरीर में ब्लड प्रेशर के सामान्य स्तर को बनाए रखने में भी मदद मिलती है। जिससे हृदय रोगों की चपेट में आने का जोखिम बहुत कम हो जाता है।

# सर्दियों में गुनगुने तेल से रोज करें पैरों के तलवों की मालिश, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

पैरों के तलवों की मालिश करना शरीर के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आप रोजाना पैरों के तलवों की मालिश करेंगे, तो इससे आपको काफी लाभ मिल सकता है। रोजाना पैरों के तलवों की मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है, इससे दर्द में आराम मिल सकता है। साथ ही तनाव, चिंता और थकान कम होती है, जिससे रात को नींद अच्छी आने में मदद मिलती है। वैसे तो हर मौसम में पैरों के तलवों की मालिश जरूर करनी चाहिए। लेकिन सर्दियों के मौसम में पैरों के तलवों की मालिश करना ज्यादा जरूरी हो जाता है। इसलिए आप चाहें तो सर्दियों में गुनगुने तेल से अपने पैरों के तलवों की रोजाना मसाज कर सकते हैं।

**ब्लड सर्कुलेशन में सुधार :** अगर आप रोजाना सर्दियों में पैरों के तलवों की मालिश करेंगे, तो इससे ब्लड सर्कुलेशन में सुधार हो सकता है। अगर आपके पैरों या शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही नहीं है, तो आप सप्ताह में कम



से कम 2 बार अपने पैरों के तलवों की मसाज कर सकते हैं। इसके लिए आप गुनगुने तेल से मसाज कर सकते हैं।

**सर्दी जुकाम में आराम मिले :** पैरों के तलवों की गुनगुने तेल से मालिश करेंगे, तो इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनती है। इसलिए अगर आपको सर्दियों में अकसर ही सर्दी जुकाम रहता है, तो आप अपने पैरों के तलवों की गुनगुने तेल से मालिश कर सकते हैं। इससे आपको काफी हद तक सर्दी जुकाम से राहत मिल सकती है।

**पैरों के दर्द में आराम :** सर्दियों में जोड़ों, मांसपेशियों और हड्डियों का दर्द अधिक परेशान करता है। ऐसे में अगर आपको भी दर्द रहता है, तो आप पैरों के तलवों की मसाज कर सकते हैं। गुनगुने तेल से पैरों के तलवों की मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, हड्डियों और मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। इससे दबी हुई नसें भी आसानी से खुल जाती है। इससे आपको दर्द में काफी आराम मिल सकता है।

**फटी एड़ियों को मुलायम बनाए :** सर्दियों में एड़ियां फटने लगती हैं। फटी एड़ियों में दर्द हो सकता है, साथ ही फटी एड़िया दिखने में भी बुरी लगती हैं। अगर आप भी सर्दियों में अकसर फटी एड़ियों से परेशान रहते हैं, तो अपने तलवों की गर्म या गुनगुने तेल से मालिश कर सकते हैं। रोजाना पैरों के तलवों की मालिश करने से आपको फटी एड़ियों से छुटकारा मिल सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष
राजभय रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। यात्रा में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा।

### वृष
चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। यश बढ़ेगा। दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। कोई मांगलिक कार्य हो सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

### मिथुन
किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कष्ट व भय सताएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

### कर्क
प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

### सिंह
शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

### कन्या
शरीर में कमर व घुटने आदि के दर्द से परेशानी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकता है।

### तुला
कुसगंति से बचें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में मातहतों से कहासुनी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें।

### वृश्चिक
पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

### धनु
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

### मकर
सुख के साधन प्राप्त होंगे। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### कुंभ
धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समय अनुकूल है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है।

### मीन
धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समय अनुकूल है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है।

# नव वर्ष पर मंदिरों में भीड़ : गोविंददेवजी व मोती डूंगरी गणेश मंदिर में लगा रहा भक्तों का तांता

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंग्रेजी नववर्ष 2026 के आगमन पर गुरुवार को जयपुर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में रंगा नजर आया। सुबह सूरज की पहली किरण के साथ ही श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए शहर के प्रमुख मंदिरों की ओर उमड़ पड़े। मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर और गोविंद देवजी मंदिर अल सुबह से ही भक्तों का तांता लग गया। मंदिर परिसर के सामने भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस ने यातायात को डायवर्ड कर मंदिर के बाहर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने नव वर्ष झांकियों का समय बढ़ाया ताकी सभी भक्तों को ठाकुरजी के दर्शन सुलभ तरीके से हो सकें। इसके बाद भी देर शाम तक मोती डूंगरी गणेश मंदिर और गोविंद देवजी मंदिर देर शाम तक भक्तों की भीड़ नजर आई। वहीं मंदिर प्रशासन ने एम्पलीफायर के जरिए बार-बार भक्तों को खुद का सामान सुरक्षित रखने व धक्का-मुक्की नहीं करने की अपील करता रहा। जयपुर के आराध्य गोविंद देवजी मंदिर में नववर्ष के पहले दिन ठाकुरजी के दर्शन निर्धारित नौ घंटे से एक घंटा यानी दस घंटे तक कराए गए। मंगला झांकी में ढाई घंटे तक विशेष दर्शन हुए। इस झांकी में मंदिर के अंदर और बाहर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए जिससे सभी को सुगम दर्शन संभव हुए। श्रद्धालुओं का प्रवेश केवल मुख्य द्वार से रखा गया। जूते-चप्पल पहन कर आने वाले श्रद्धालुओं ने रैंप से दर्शन किए। वहीं बिना चप्पल-जूते वालों ने मंदिर



छावण में से दर्शन किए। सुबह मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पीली पोशाक धारण कराई गई। ठाकुरजी को साफा धारण कराकर मोर मुकुट धारण कराया गया। चंदन और पुष्प श्रृंगार आकर्षण का केन्द्र रहा। सुबह से श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता लग गया। हर मार्ग से केवल श्रद्धालु ही श्रद्धालु नजर आ रहे थे। सभी मार्गों से वाहनों का प्रवेश निषेध किया गया। लोग राधे राधे का जप करते हुए आराध्य देव के दर्शन करने पहुंचे।

**विधायक गोपाल शर्मा ने लिया आराध्य देव से आशीर्वाद**-सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने श्रृंगार झांकी में ठाकुरजी के दर्शन कर आरती उतारी। देहली पूजन कर उन्होंने जयपुर और प्रदेश के सुख-शांति की ठाकुरजी से कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया। गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने दुपट्टा धारण कराकर अभिनंदन किया। दर्शनार्थियों से नए साल की रामा श्यामा करते हुए नए वर्ष की शुभकामनाएं दीं। मंदिर प्रवेश के दौरान गोपाल शर्मा ने महिला सफाई कर्मचारी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

**मोदक प्रिय को लगाए 56 तरह के लड्डुओं का भोग**-नववर्ष के अवसर पर मोती डूंगरी गणेश मंदिर में महंत पं. कैलाश शर्मा के सान्निध्य में छप्पन भोग की झांकी एक नए रूप में सजाई गई। सर्व प्रथम गणेश को सोने का मुकुट धारण करावाया गया पहली बार 56 प्रकार के लड्डुओं की झांकी सजाई गई। इस झांकी में पिस्ता, सीताफल, वनीला, स्ट्रॉबेरी जैसे आधुनिक फ्लेवर के लड्डुओं के साथ-साथ बेसन, मोतीचूर, नारियल, रवा-सूजी, आटा, मेवा, मलाई, चूरमा, मूंग, ड्राई फ्रूट और गुलकंद जैसे पारंपरिक लड्डू भी शामिल रहे। महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि यह प्रयोग भक्तों को भक्ति के साथ विविध स्वादों का अनुभव कराने के उददेश्य से किया गया। मंदिर में दर्शनों के लिए सात और निकास के लिए आठ बैरिकेटिंग बनाई गई। दर्शनार्थियों के वाहनों की पार्किंग सुबोध कॉलेज और राजस्थान यूनिवर्सिटीके सामने की गई। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने सुबह प्रथम पूज्य गणेशजी के दर्शन कर सभी के सुख-शांति की प्रार्थना की। उन्होंने मंदिर महंत पं कैलाश शर्मा से आशीर्वाद प्राप्त किया।

**इन मंदिरों में भी उमड़े श्रद्धालु**-खोले के हनुमान मंदिर में सुबह 6 बजे हनुमान जी का विधिवत अभिषेक कर सिंदूर चोला अर्पित किया गया। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर प्रत्येक दर्शनार्थी को नि:शुल्क लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं में इस व्यवस्था को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इसके अलावा गढ़ गणेश, आमेर के शिला माता, गलताजी, घाट के बालाजी, चांदपोल हनुमानजी, सांगानेरी गेट हनुमानजी, पापड़ वाले हनुमानजी, खिरणी फाटके गणेशजी मंदिर, हाथोज के दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी साल के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे।

## राज्य स्तरीय सिंधी कवि सम्मेलन 4 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी सेन्ट्रल एसोसिएशन एवं राजस्थान सिंधी अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार 4 जनवरी 2026 को स्थानीय जवाहर नगर सेक्टर-5 स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में किया जाएगा। सम्मेलन दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा। प्रदेशभर से आमंत्रित ख्यातिप्राप्त सिंधी कवि एवं साहित्यकार सम्मेलन में सिंधी संस्कृतिए श्रृंगार, हास्य, वीर, वात्सल्य, भक्ति रस के साथ.साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अपनी श्रेष्ठ काव्य रचनाओं का पाठ करेंगे। एसोसिएशन अध्यक्ष रतन ऐलानी एवं अकादमी सचिव रजनीश हर्ष ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर के वरिष्ठ साहित्यकार भगवान अटलानी करेंगे। काव्य पाठ करने वाले कवियों में डॉ. खेमचंद गोकलानी, हरीश कर्मचंदानी, वीना कर्मचंदानी, डॉ. माला कैलाश, डॉ. रूपा मंगलानी, पूजा चंदवानी, लक्ष्मण पुरसवानी, चित्रेश रिझवानी, कविता तनवानी और वंदिता आहूजा शामिल हैं। इसके अलावा अजमेर से गीता गोकलानी एवं जय किशन गुरबाणीए टोंक से ऋचा असरानी, भीलवाड़ा से डॉ. एस. के. लोहानी खालिस और जोधपुर से रितिका मनवानी भी काव्य पाठ करेंगी। कार्यक्रम संयोजक तुलसी संगतानी ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ श्री अमरापुर दरबार के संत मोनू राम जी महाराज एवं साईं मुकेश साध द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया जाएगा।

### नई पीढ़ी को भाषा से जोड़ने का प्रयास

उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य सिंधी भाषा, साहित्य, कला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ नई पीढ़ी को सिंधी भाषा और साहित्य से जोड़ना तथा समाज में साहित्यिक चेतना को प्रोत्साहित करना है।

## शिक्षक संघ सियाराम का प्रदेश स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आज से

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 2 से 3जनवरी तक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय आदर्श नगर, जयपुर में होगा। संगठन के प्रदेश मंत्री पूसाराम स्वामी ने बताया कि सम्मेलन में शिक्षा, शिक्षार्थी और शिक्षकों की समस्याओं पर गहन-विचार विमर्श करके प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार को प्रेषित किया जायेगा। सम्मेलन में शिक्षा में गुणात्मक सुधार व शिक्षा में बढ़ते अनावश्यक राजनीतिक हस्तक्षेप, गैर शैक्षणिक कार्यों का बोझ व नई शिक्षा नीति की समीक्षा तथा अन्य विभिन्न अहम मुद्दों पर प्रदेश भर से शिक्षक खुले मंच से चर्चा करेंगे। चूरू जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, प्रदेश पदाधिकारी महावीर प्रसाद प्रजापत, जिला अध्यक्ष आनंद कुमार डांगी, जिला मंत्री नारायण सिंह शेखावत के नेतृत्व में शिक्षक गण भाग लेंगे।

## गोल्ड लोन चुकाने के नाम से 15 लाख की धोखाधड़ी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चित्रकूट थाना इलाके में एक युवक को परिचित के नाम से गोल्ड लेना भारी पड़ गया। पीड़ित ने आरोपी परिचित के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से पैसे डाले और शातिर परिचित ने उन लाखों रुपयों को अपने दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए। यूपीआई और एटीम के जरिए नकदी निकलने के बाद पीड़ित को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास होने पर पुलिस ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी परिचित के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि जमवारामगढ़ निवासी हेमराज गुर्जर 34 ने मामला दर्ज कराया है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात आरोपी प्रेम चंद्र से हुई थी। लगातार मुलाकात होने के बाद दोनो अच्छे दोस्त बन गए। पीड़ित का आरोप है कि गोल्ड लोन चुकाने के लिए उसने प्रेम चंद्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाते में 14 लाख 65 हजार रुपए आरटीजीएस के जरिए जमा करवाए। बैंक अकाउंट में रुपए ट्रांसफर होने के बाद चकमा देकर फरार हो गया । पीड़ित ने कई बार आरोपी के मोबाइल फोन पर कॉल किया । लेकिन लगातार मोबाइल फोन बंद मिला। दिए गए रुपयों में से आरोपी ने 5 लाख रुपए अपने दूसरे बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए। जिन्हें और एटीएम के जरिए निकलने का पता चला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

## डंपर-ट्रेलर में हुई भिड़त

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भांकरोटा थाना इलाके में पुलिया पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने पीछे से ट्रेलर को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में डंपर चालक घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से डंपर चालक को सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद थाना इलाके में लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त दोनो वाहनों को क्रेन की सहायता से साइड में करवा यातायात को सुचारु करवाया। थानाधिकारी रामनिवास जागिड़ ने बताया कि गुरुवार सुबह पुलिया से तेज रफ्तार डंपर नीचे उतर रहा था। इसी दौरान उसका सतुंलन बिगड़ गया और वो आगे चल रहे ट्रेलर से जा टक्कराया। जिससे ट्रेलर का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं डंपर की केबिन सहित आगे वाला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में डंपर चालक भी बुरी तरह घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने तुरंत बाहर निकालकर उपचार के लिए एसएमएस अस्पताल भिजवाया।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने यज्ञ के साथ मनाया जन्मदिन-विवाह दिवस संस्कार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सचिवालय में राजकीय सेवा कर सेवानिवृत हो चुके 19 पूर्व कर्मचारियों-अधिकारियों हरिपुरा में जलभवन के पास स्थित पेंशनर भवन में सामूहिक रूप से जन्मदिन और विवाह दिवस गायत्री यज्ञ के साथ मनाया। दिसंबर माह में जिनका जन्मदिन था या विवाह दिवस था उन लोगों ने परिवार और पुराने साथियों के साथ भारतीय संस्कृति के अनुसार जन्मदिन-विवाह दिवस की खुशियां मनाई।

कार्यक्रम संयोजक मुन्नालाल ठाड़ा ने बताया कि आचार्य पीठ से अशोक गोयल और गिरधारी लाल अग्रवाल ने यज्ञ संपन्न कराया। अध्यक्ष भगवान सहाय मीणा ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। गोपाल सिंह, भंवर लाल, महेन्द्र प्रकाश अरोड़ा, सौभाग्यमल जैन, राधाकिशन सैनी, बालकृष्ण पावा, हरीश चन्द चेतवानी, घनश्याम बागोटिया, नानकराम बलाई, बीएन श्रीवास्तव, आरपी कुलश्रेष्ठ, राधेश्याम उपाध्याय, नारायणदास तीर्थानी, लोकेन्द्र कुमार त्रिपाठी, गोविन्द नारायण गुप्ता, चन्द्रकान्ता मालाकार, बसन्त कूलवाल, दिनेश चन्द्र शर्मा, कैलाश चन्द्र शर्मा एवं मधुसूदन कालूण्डिया ने यज्ञ भगवान को आहुतियां प्रदान की। सभी को प्रज्ञा अभियान की प्रति भेंट की गई।

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर दूध महोत्सव का आयोजन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा स्थानीय बाजार में घंटाघर के पास दुग्ध महोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहकर भारतीय संस्कृति एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह आयोजन ट्रस्ट कार्यक्रम के माध्यम से समाज को स्पष्ट संदेश देना है कि नववर्ष का स्वागत नशे के साथ नहीं, बल्कि दूध, संस्कार और भारतीय परंपराओं के साथ किया जाना चाहिए। भाजपा के पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया ने शराब से नाता तोड़ो, दूध से रिश्ता जोड़ोश् ट्रस्ट के इस सलोगन के साथ समाज एवं युवाओं को शराब एवं नशे से दूर रहने का आवाहन किया। विशेष रूप से युवाओं को संदेश दिया कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार को आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से नुकसान पहुंचाता है। ट्रस्ट के प्रभारी राजीव मंगलहारा ने बताया कि दूध महोत्सव न केवल नववर्ष का स्वागत है, बल्कि एक नई सोच, नई शुरुआत और नशामुक्त समाज की ओर बढ़ता हुआ सशक्त कदम भी है। कार्यक्रम में मोहनलाल बबेरवाल, प्रकाश चंद्र पारीक, नवल महर्षि, रमेश चंद्र पारीक, सीताराम गुर्जर भरत सैनी, अनुप पीपलवा, कालूराम भार्गव दीनदयाल सोनी संतोष कुमार जोशी श्रीकृष्ण सैनी, राकेश सिंह, पवन कुमार माटोलिया, परमेश्वर प्रजापतए दुष्यन्त मडगिरा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं लोग उपस्थित थे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने किया नए वर्ष पर दूध वितरण



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नववर्ष पर आजकर शराब पार्टी करना, क्लबों में जाना, नशे करना एक प्रचलन सा बन गया है। यह पूरा का पूरा पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव है। लेकिन सुजानगढ़ में भाजपा युवा मोर्चा ने नई पहल की और वर्ष के पहले दिन गांधी चौक में स्टॉल लगाकर आम लोगों और युवाओं को केसर युक्त दूध का वितरण किया। युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी की पहल पर आयोजित हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने केसर के दूध का आनंद लिया। हिमांशु भाटी ने कहा कि हमारे परम्परागत खाद्य और पेय पदार्थ इतने दमदार हैं कि वे हमें स्वस्थ जीवन की ओर ले जाते हैंए युवा वर्ग नशे से दूर हो, इसलिए यह पहल की गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, महामंत्री गौरव इंदौरिया, भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप, प्रकाश भार्गव, पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा, पार्षद रेवतमल पवांर, पार्षद पंकज घासोलिया सुभाष पारीक, मंडल उपाध्यक्ष अमरचंद सैन, सुमन सामरिया, शाहीद खान, शेरसिंह भाटी, सीताराम माली, शरीफराईन, नेमीचंद प्रजापत, दिलीप सिंह चौहान, मनीष गोठड़िया, राकेश जांगिड़, राजेंद्र पथानीया, सिकंदर खान, वीरेंद्र गहलोत, ललित गुर्जर, आकाश बिनावरा, पवन बिनावरा, हैप्पी बिनवारा, हितेश सैन, अर्जुन सियोता, अमित लाखन, भौमिक भाटी आदि लोगों ने कार्यक्रम में लोगों को दूध वितरण किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का शुभारंभ आज

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चौकीदार ने बताया कि झुंझुनू के आभूषण परिसर में आयोजित होने वाले हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का शुभारंभ शुक्रवार दोपहर 1 बजे किया जाएगा। मेले में जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के कारीगरों द्वारा तैयार हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों और सांस्कृतिक झलकियों के माध्यम से स्थानीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा। यह मेला हस्तशिल्प कारीगरों को अपने उत्पादों के विपणन का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

## नर्सेज की मेरिट और भर्ती की मांग को लेकर कार्मिकों ने खून से लिखें पचास हजार पोस्टकार्ड

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान नर्सेज भर्ती संघर्ष समिति की ओर से नव वर्ष के अवसर पर प्रदेश स्तर पर पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया। जिसके तहत प्रदेश भर के संविदा-निविदा नर्सेज कार्मिकों ने सभी संभाग एवं जिला मुख्यालयों पर आगामी भर्ती मेरिट बोनस 10,20,30 से भर्ती विज्ञप्ति जारी करने की मांग को लेकर अपने खून से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह को पचास हजार पोस्टकार्ड लिखें। प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि अभियान का मुख्य ध्यान केंद्रित कार्यक्रम जयपुर स्वास्थ्य भवन में हुआ। इस क्रम में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सभी अस्पतालों सहित जयपुर जिले के कार्मिकों ने खून से पोस्टकार्ड लिखकर निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा को ज्ञापन देकर विभाग एवं राज्य सरकार से भर्ती विज्ञप्ति जारी करने की मांग की है। शर्मा ने बताया कि संगठन पिछले एक साल से बजट घोषित नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर मेरिट बोनस के माध्यम से भर्ती विज्ञापन जारी करने की मांग कर रहा है। लेकिन विभाग द्वारा हाल ही भर्ती नियमों में संशोधन की मंशा जाहिर की है। जो कि संविदा निविदा कार्मिकों के लिए न्यायोचित नहीं हैं, ये कार्मिक लंबे समय से अल्प वेतन में अपनी उच्चतम सेवाएं आमजन को प्रदान कर रहे



है। सरकार को संवेदनशील रवैया अपनाते हुए अतिशीघ्र मेरिट बोनस अंक 10,20,30 के माध्यम से भर्ती विज्ञप्ति जारी करनी चाहिए। प्रदेश संयोजक रोशनलाल ने कहा की कि प्रदेश में पूर्व में भर्ती 1965 नियम के अनुसार 2013,2018,2023 की भर्ती हुई है। सरकार से पूर्व भर्तियों में वंचित हजारों संविदा नर्सेज के भविष्य को देखते हुए इसी तर्ज पर आगामी भर्ती की विज्ञप्ति जारी करनी की मांग है। इस दौरान राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के अध्यक्ष पवन कुमार मीना नियमित नर्सेज का समर्थन देते हुए मुख्यमंत्री से अतिशीघ्र विज्ञापन जारी करने की मांग की। इस दौरान एसोसिएशन के प्रदेश सयोजक जीतेन्द्र कटारा, सियाराम चौधरी, समोल चौधरी गिरीश शर्मा, रंजू चौधरी, गुड्डी सैनी,नदीम अख्तर, विमल कुमार, भगवान सिंह, गौरव यादव, राहुल शर्मा, रोबिन कुमार, देसराज प्रजापत, रविंद्र गुर्जर, सुभम सैनी, विशाल भारद्वाज, सुरेश सैनी, नीरज जैन सहित सेकड़ो संविदा निविदा नर्सेज मौजूद रहें।

## धरनास्थल को हटाए जाने को लेकर नगरपरिषद ने दिया नोटिस

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय उपखंड कार्यालय के सामने सुजानगढ़ को जिला बनाये जाने व अन्य मांगों को लेकर कई सालों से जनहित संघर्ष मोर्चा द्वारा धरना दिया जा रहा है। धरने को करीब 1440 दिन हो गए हैं। इस दौरान आन्दोलन के अनेक रूप सामने आए, जिसके तहत करीब सात दिनों तक हाईवे जाम कर बड़ा आंदोलन हुआ और आखिरकार जिले की घोषणा पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने जाते जाते कर दिया। उसके बाद नई सरकार के गठन के साथ ही जिले की घोषणा को वापस निरस्त किया। लेकिन उपखंड कार्यालय के सामने बने धरनास्थल की अब मुख्यमंत्री कार्यालय के समक्ष शिकायत कर कथत अतिक्रमण को हटाए जाने




की मांग की गई है। एडवोकेट राजेंद्र सोनी की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र में मुख्यमंत्री आवास के सामने धरना दिए जाने की सूचना दी गई और कहा गया कि उपखंड कार्यालय सुजानगढ़ के सामने स्थित अतिक्रमण को नहीं हटाया गया, तो आमरण अनशन किया जायेगा। उसके बाद फिर से मुख्यमंत्री को अवगत करवाते हुए स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों पर अतिक्रमण हटाने में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए। दूसरी ओर इस मामले में नगरपरिषद की ओर से तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी गई कि धरनास्थल की भूमि किसकी है। तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि नगरपरिषद को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है कि नगरपरिषद क्षेत्र में जितनी भी सड़कें आती हैं, उन पर अगर कोई अतिक्रमण होता है, तो उसे नगरपरिषद ही हटा सकती है। वहीं इस मामले में नगरपरिषद एक्टिव नजर आ रही है। नगरपरिषद आयुक्त की ओर से जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष को धरना स्थल से अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिनों की मियाद का नोटिस दिया जा चुका है। इस बारे में जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने बताया कि कुछ लोग जिले के आन्दोलन से परेशान हैं और उनको सुजानगढ़ के विकास से तकलीफ हैए इसलिए वो शिकायत करते हैं। लेकिन हम लोगों का जिले को लेकर आन्दोलन लगातार जारी रहेगा। शिकायत करने वाले शिकायत करेंगे, हम लोग सुजानगढ़ की जनता के लिए जिले की मांग को लेकर संघर्ष करेंगे।

## हजारों लोगों को किया पौषबड़ा के प्रसाद का वितरण

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** बस स्टेंड स्थित सीयाराम बाबा बगीची में पोषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिनभर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गोवर्धन खालसा के महामंडलेश्वर श्यामसुंदर दास महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राहगीरों, यात्रियों व श्रद्धालुओं को रोक-रोककर प्रसाद का वितरण किया गया।



कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र भाटी, बृजकिशोर सोनी, दामोदर शर्मा, निर्मल सर्राफ, आलोक स्वामी, पूर्व सभापति बाबूलाल कुलदीप, भंवरलाल बुगालिया, बोदूराम प्रजापत, महेंद्र कुमार टाक, गोलू स्वामी, बाबूलाल माली, कपिल स्वामी, बाबूलाल प्रजापत, महेंद्र शर्मा, अजय अग्रवाल, मनीष स्वामी, श्रवण सुलोलिया, हेमराज प्रजापत, राकेश प्रजापत, सांवरमल नायक, दिनेश स्वामी आदि ने योगदान दिया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के शुभारम्भ के अवसर पर प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, सीकर में एक जनवरी 2026 को एक सड़क सुरक्षा जन जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी पूरे जनवरी माह 2026 के दौरान आमजन के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी का शुभारम्भ अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सीकर मथुरा प्रसाद मीणा, फुले महाविद्यालय के सचिव ओम प्रकाश सैन एवं जिला परिवहन अधिकारी ताराचंद द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान के 500 विद्यार्थी, कार्यालय स्टॉफ एवं आमजन उपस्थित रहें। जिन्हें सड़क सुरक्षा कार्यशाला में स्कूली बच्चों, स्टॉफ सदस्यों को सड़क पर सुरक्षित संचालन के लिए आवश्यक टिप्स बताते हुए यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने एवं परिजनों रिश्तेदारों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। आमजन में जागरूकता के लिए कार्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित पम्पलेट तैयार करवाये गये है जिनका जिले की स्कूलों, कोचिंग संस्थानों में वितरण करवाया जायेगा। विद्यार्थियों को कार्यालय में संचालित ऑटोमेटेड ड्राईविंग टेक का निरीक्षण करवाया गया तथा उन्हें चालन परीक्षण सें संबंधित जानकारी तथा यातायात नियमों के बारे में अवगत करवाया गया तथा विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाकर विजेताओं को हेलमेट वितरित किये गये। सड़क सुरक्षा माह 2026 के दौरान आमजन को लाईसेंस प्रणाली व प्राथमिक चिकित्सा, ओवरलोड व ओवर क्राउडेड चलने वाले वाहनों को समझाइश व कार्यवाही, यातायात पुलिस के साथ समन्वय करते हुए यातायात के नियमों की जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। इसके अतिरिक्त माह के दौरान विभिन्न गतिविधियां यथा जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं, बाईक रैली, ईकृरिक्षा रैली, मैराथन दौड़, साईकिल रैली, विद्यालयों में निबन्ध, लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, आयोजित की जायेगी। इसके साथ ही स्कूलों व कॉलेजो में सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी, अच्छे मददगार की गाईडलाईन का प्रचार करना सहित कई गतिविधियां आगामी दिवसों में आयोजित की जायेगी।

# 5100 महिलाओं के साथ निकाली जाएगी ऐतिहासिक कलश यात्रा



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** श्री मसानिया भैरव धाम राजगढ़ अजमेर, मनोकामना पूर्ण स्तंभ की 23वीं वर्षगांठ के उपलक्ष सुजानगढ़ में सातवां विशाल जुलूस, नशा मुक्ति महारैली व 5100 महिलाओं के साथ कलश यात्रा के संबंध में सेन मंदिर में सर्व समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए मौजूद लोगों ने एक साथ हुंकार भरी। गोपालपुरा पंचायत को प्रशासक सविता राठी ने कहा कि सनातन धर्म मानव धर्म के लिए प्रतिबद्ध है और महाराज चंपालाल इस धर्म को निभाने के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय मटोलिया ने कहा कि सुजानगढ़ में सिद्ध पुरुष के रूप में पधार रहे श्रीयुत चंपालाल महाराज का पलक पांवड़े बिछा कर स्वागत किया जाएगा। नरेंद्र भाटी ने कहा कि कार्यक्रम हम सबका है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति कार्यकर्ता बन कर कार्य करे। पूर्व सरपंच केसरसिंह राजियासर ने व्यवस्था पर चर्चा की। सतीश डूखवाल ने बताया कि ओम पारीकए दिनेश पीपलवा ने स्वयं सेवकों द्वारा की जाने वाली व्यवस्था को सही करने पर बल दिया। रतन लाल नायक, पप्पू बागड़ा, सुरेन्द्र पारीक, रामरतन, रामसरुप, गौरव, भरत सिंह, प्रभा सिंह, धनराज प्रजापत, विजय सिंह, राजकुमार दाधीच, प्रभु बावरी आदि ने भी अपने विचार रखे।

# अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चेजा पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कानोता थाना इलाके में खनिज विभाग की टीम की ने अवैध खनन के खिलाफकार्रवाई करते हुए चेजा पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। वहीं इस कार्रवाई में ट्रैक्टर चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन नंबरों के आधार पर चालक की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि खनिज विभाग के निदेशन .2 जैद अली ने मामला दर्ज कराया है कि गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे इलाके की पहाड़ियों में चेजा पत्थर के अवैध खनन की सूचना मिली थी। सूचना पर खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची । तभी अवैध खनन कर चुराए चेजा पत्थर से भरी ट्रैक्टर .ट्रॉली आगरा रोड़ पर जाने की सूचना मिली। खनिज विभाग की सूचना पर पुलिस ने पुरानी चुंगी आगरा रोड पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी देख अवैध खनन करने वाले चेजा पत्थर पर भरी ट्रैक्टर.ट्रॉली छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर चालक की तलाश शुरु कर दी है।

# शनि के घर में बुध का प्रवेश, तीन राशियों के लिए होगा शुभ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बुध ग्रह 17 जनवरी 2026 शनिवार को मकर राशि में प्रवेश करेंगा। बुध ग्रह का यह गोचर प्रात 10 बजकर 27 मिनट पर होगा। बुध गोचर से राशियों की बातचीत की शैली पर प्रभाव होगा। इसके साथ ही आपको मेहनत का फल मिलेगा। करियर और कारोबार में तरक्की होगी। इस ग्रह गोचर से तीन राशियों के लिए अत्यंत शुभ रहेगा और तीन राशियों के जातक के करियर और कारोबार में चार चांद लग जाएंगे।

मेष राशि : बुध का गोचर मेष राशि वालों के लिए शुभ होगा। बुध ग्रह मेष राशि के कर्म भाव में गोचर करेंगे इससे व्यापार और कारोबार में लाभ होगा। नौकरी पेशा लोगों को सफलता मिलेगी। आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव होंगे। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी, कोई नया काम शुरू करने के लिए समय अच्छा रहेगा।

वृषभ राशि : वृषभ राशि के लोगों के लिए बुध का गोचर बहुत ही अच्छा होगा। वृषभ राशि के भाग्य स्थान में बुध का गोचर होगा। इससे भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपके लिए समय अच्छा होगा और पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संपत्ति से जुड़े मामलों में आपको फायदा मिलेगा, आप धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

# ज्योतिषीय दृष्टि से वर्ष 2026 शिक्षा के आधार पर अत्यंत शुभ

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** नव वर्ष 2026 ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी सिद्ध होने जा रहा है। वर्ष 2026 का अंक योग (2+0+2+6=10 मूलांक 1) सूर्य का प्रतीक है। ज्योतिष में सूर्य को राजा, सत्ता, आत्मबल, ऊर्जा और नेतृत्व का कारक माना गया है। इसी कारण नव वर्ष 2026 में सूर्य ग्रह का प्रभाव संपूर्ण विश्व पर विशेष रूप से रहेगा। ज्योतिषाचार्य डॉ महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह वर्ष अमेरिका, चीन और रूस जैसी वैश्विक महाशक्तियों को गहराई से प्रभावित करेगा। विशेषकर अमेरिका के लिए वर्ष 2026 अशांति, प्राकृतिक आपदाओं, उग्र आंदोलनों और सत्ता संकट का संकेत देता है। भारत के शत्रु राष्ट्र पाकिस्तान के लिए भी नव वर्ष 2026 अत्यंत अशुभ रहने की संभावना है। देश में गृह युद्ध जैसे हालात, आतंकवादी हमले, बम विस्फोट, उग्र प्रदर्शन और सत्ता परिवर्तन की स्थितियां बन सकती हैं। यह वर्ष आतंकवादियों, अपराधियों और राष्ट्रविरोधी तत्वों के लिए भी प्रतिकूल सिद्ध होगा।

### सूर्य के प्रभाव से पड़ेगी भीषण गर्मी

सूर्य के प्रभाव के कारण वैश्विक स्तर पर भीषण गर्मी, अग्निकांड, आंधी-तूफान, भूकंप, हवाई दुर्घटनाएं और ड्रोन हमलों की घटनाएं बढ़ सकती हैं। वहीं भ्रष्टाचार, मिलावटखोरी और मेडिकल माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई देखने को मिलेगी। आयुर्वेद, योग, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार को शिक्षा संस्थानों में विशेष महत्व मिलेगा। नव वर्ष 2026 में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांति आने के प्रबल योग हैं। हाईटेक और बेहद छोटे आकार के सोलर पैनल, सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन और नई तकनीकें तेजी से विकसित होंगी। यह वर्ष पर्यावरण और स्वच्छ ऊर्जा के लिए अत्यंत शुभ रहेगा।

### विद्यार्थियों का भला करेंगे गुरु

गुरुवार से नव वर्ष का आरंभ होने के कारण सूर्य के साथ गुरु का विशेष योग बन रहा है। इसके फलस्वरूप धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों और सरकारी स्कूलों के विकास एवं जीर्णोद्धार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए यह वर्ष विशेष रूप से शुभ और प्रगति देने वाला रहेगा। हालांकि तीर्थ एवं ऊंचाई वाले पर्यटन स्थलों पर अत्यधिक भीड़ के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहेगी। आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष भारत के लिए अत्यंत सकारात्मक है। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। रुपए की कीमत बढ़ेगी तथा सोनाए चांदी और तांबा जैसी धातुओं के दामों में भारी उछाल देखने को मिल सकता है।

### केन्द्र के लिए अच्छा साल

2026 गुरु और मंगल का वर्ष रहेगा। इसमें सेनापति ग्रह गुरु की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इस दौरान सरकार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है और विपक्ष के हमले भी तेज रहेंगे। साल 2026 केन्द्र सरकार के लिए अनुकूल रहने वाला है। हालांकि राजनीतिक स्तर पर कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जून के बाद भारत की स्थिति और मजबूत होगी और विश्व मंच पर देश का प्रभाव बढ़ेगा। 1 जून को देवगुरु बृहस्पति उच्च अवस्था में प्रवेश करेंगे, जिससे विशेष रूप से पांच क्षेत्रों में शुभ फल मिलेंगे। इससे सरकार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। गुरु को धन, संतान, करियर और भाग्य उन्नति का कारक माना जाता है, इसलिए इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति के योग बन रहे है।

# नव वर्ष पर श्रीअमरापुर स्थान में भक्तों का लगा तांता

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी जयपुर में आस्था भक्ति, श्रद्धा के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान में नववर्ष 2026 गुरुवार के प्रथम दिन की शुरुआत भक्तों ने गुरु एवं गोविन्द के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया । प्रातः 6 बजे मंगला दर्शन से रात्रि 9 बजे शयन तक भक्तों का दर्शनों के तांता लगा रहा । जयपुर के कोने कोने एवं आस पास के क्षेत्र सीकर, अजमेर, कोटा, किशनगढ़, खैरथल, ब्यावर, अलवर, जोधपुर, उदयपुर, चौमू, चाकसू, बस्सी, दौसा, टोंक, सवाई माधोपुर, अमदाबाद, आदि शहरों से परिवार सहित भक्तों ने आकर श्री अमरापुर के प्यारे लडडू गोपालजी एवं आचार्यश्री के समक्ष पुष्प माला एवं मिष्ठान, नैवेद्य, फल आदि अर्पित कर मंगल आशीर्वाद लिया।

# दो कारों की भिड़न्त, 6 लोग हुए घायल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** छापर रोड स्थित मंडा मोटर्स के पास दो कारो की जबरदस्त भिड़ंत हो गयी, जिससे दोनों कारों में सवाल कुल 6 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पार्षद प्रतिनिधि अमजद खान ने टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार को सूचित किया। घायलों को श्याम स्वर्णकार, अमजद खान तथा अन्य की मदद से बगड़िया अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया गया। घायलों मे अमित, गोपाल, धनेश-निवासीगण छापर, दूसरी कार मे सवार महबूब, आबिद, सलीम के नाम शामिल हैं। सूचना पर सुजानगढ़ कोतवाली थाने से हेड कांस्टेबल जगदीश जाखड़ ने मौका मुआयना किया।

# 57 किलो चांदी लूट प्रकरण : फरार 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** माणक चौक थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए ज्वेलरी शॉप से 57 किलो चांदी की लूट के मामले में पिछले डेढ़ साल से फरार 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 किलो चांदी के गहने भी बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद तौहीद 34 निवासी निवाई, जिला टोंक के रूप में हुई है। आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था और उसके खिलाफ करीब आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले में एक अन्य फरार आरोपी अशफाक की तलाश जारी है, जिस पर भी 10 हजार रुपए का इनाम रखा गया है।

**गार्डों को बंधक बनाकर की थी लूट**-डीसीपी ने बताया कि 19 नवंबर को पीड़ित विनोद अग्रवाल ने माणक चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिवादी ने बताया कि मनीराम जी की कोठी का रास्ता स्थित सिद्धि विनायक कॉम्पलेक्स में उनकी गजानंद ज्वेलरी के नाम से दुकान है। रात के समय बदमाशों ने दुकान की सुरक्षा में तैनात तीन गार्डों से मारपीट कर उन्हें बंधक बना लिया और शॉप का लॉक तोड़कर 57 किलो चांदी के गहने लूटकर फरार हो गए।

**पहले दो आरोपी गिरफ्तार, 38 किलो चांदी बरामद**-घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूट में शामिल हितेश प्रजापत और अकरम को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से 38 किलो चांदी के गहने बरामद किए जा चुके हैं। पूछताछ में सामने आया कि वारदात में कुल चार बदमाश शामिल थे। इसके बाद फरार आरोपियों मोहम्मद तौहीद और अशफाक पर 10.10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया।

**घर में छिपाया लूट का माल, दिल्ली-गुड़गांव में काटी फरारी**-थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि आरोपी मोहम्मद तौहीद वारदात के बाद अपने परिचित के यहां छिपने चला गया था। उसे जानकारी मिली कि पुलिस उसके टोंक-निवाई स्थित मकान पर दबिश देने आई थी और घर की गहन तलाशी लेकर लौट गई थी।

इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने लूट का माल अपने ही घर में छिपा दिया। इसके बाद वह पुलिस से बचने के लिए दिल्ली-गुड़गांव चला गया, जहां कुछ समय घूमने के बाद मालपुरा और टोंक क्षेत्र में भी फरारी काटता रहा। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर टोंक में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।

# श्रीराम कथा शुरू

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटे दादा गुरुदेव शुक सम्प्रदाय पीठाधीश रसिक माधुरी शरण महाराज की 127वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को अजमेर रोड क्वींस कॉलोनी नीलकंठ कॉलोनी स्थित श्री सरस निकुंज की पीठ बरसाना में श्रीराम कथा प्रवचन का शुभारंभ हुआ। श्री शुक सम्प्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य एवं संरक्षण में पूजा-अर्चना के बाद व्यास पीठ पर आचार्य डॉ राजेश्वर ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों एवं मर्यादाओं पर आधारित श्रीराम कथा का भावपूर्ण एवं रसपूर्ण गुणगान किया। आचार्य डॉ राजेश्वर ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से उनके संरक्षण-सान्निध्य में सभी को ऐसे ही कथा सत्संग का आनंद प्राप्त होता रहे। अंग्रेजी नव वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो। श्रद्धालु भक्ति मार्ग पर आगे बढ़े। कथा से पूर्व पोथीयात्रा निकाली गई। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि सभी लोगों का अंग्रेजी वर्ष 2026 मंगलमय हो, सभी का कल्याण हो इस भाव के साथ कथा प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। श्री शुक संप्रदाय पीठ की ओर से हर वर्ष यह आयोजन गत 25 वर्ष से जारी है। कथा प्रवचन नौ जनवरी तक प्रतिदिन मध्याह्न 1:30 से शाम 5 बजे तक होंगे। कथा के दौरान अनेक आचार्यों एवं संत-महात्माओं का आशीर्वाद भी श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।

**श्रद्धालुओं के लिए जलाए अलाव**-गुरुवार को सुबह हल्की बूंदाबादी और सूर्य भगवान के दिनभर बादलों में छाये रहने के कारण अचानक सर्दी बढ़ गई। ऐसे में कथा स्थल पर बाहर अलाव जलाया गया।

बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं ने पहले हाथ तपाए बाद में कथा सुनी। श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि श्रद्धालुओं को सर्दी से बचाने के सभी व्यवस्था की गई है। दरवाजे और खिड़कियों पर मोटे पर्दे लगाए गए हैं ताकि ठंडी हवा नहीं आए। बैठने की व्यवस्था मोटे कालीन और गद्दों पर की गई है।

# एक्सईएन बने मुकेश सैनी का किया सम्मान



बाबूलाल वर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बिजली बोर्ड में एईएन से प्रमोट होकर एक्सईएन बने मुकेश कुमार सैनी का बगड़ रोड स्थित श्री गणेश मंदिर में सम्मान किया गया। एक्सईएन बने मुकेश सैनी ने पहले तो कार्यालय जाकर ड्यूटी जॉइन की। जॉइनिंग के बाद श्री गणेश मंदिर जाकर धोक लगाई। मंदिर पुजारी सुनील कुमार स्वामी ने आशीर्वाद दिया। इस दौरान पार्षद विजय कुमार सैनी, किशोरीलाल सिंगोदिया, जगदीश प्रसाद सैनी, ओमप्रकाश दया, सांवरमल मिटावा, रामलाल मुनीम, पवन कुमार सैनी, दलीप सैनी, अजय सैनी, अशोक सैनी, इकबाल टेलर, श्रवण कुमार सैनी, विमलेश सैनी, रवि सिंगोदिया आदि ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

# उड़ान से पहले आरजे बनने का मौका : जयपुर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट्स और रेडियो मिर्ची की अनूठी पहल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** रेडियो मिर्ची के सहयोग से अदाणी समूह ने मिर्ची के नो आरजे स्टूडियो के जरिए जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को एक लाइव और सहभागी रेडियो हब में बदल दिया। अदाणी समूह के हर सफर के हमसफर अभियान के तहत यात्रियों को माइक तक लाने और उड़ान से पहले ही आरजे बनने का अनुभव लेने का निमंत्रण दिया गया। उड़ान का इंतजार कर रहे यात्री हवाई अड्डे की आवाज़ बन गए। उन्होंने अपनी निजी यात्रा कहानियाँ साझा की। जिन गंतव्यों को लेकर वे उत्साहित थे उनके बारे में बात की । यात्रा से जुड़े उपयोगी टिप्स बताए अपने पसंदीदा गानों की फरमाइश की और अन्य यात्रियों से सहज बिना स्क्रिप्ट के संवाद किया। इन पलों ने टर्मिनल की लय ही बदल दी। जो जगह आमतौर पर टाइम टेबल और आवाजाही से पहचानी जाती है। वह बातचीत, मुस्कान, हँसी और साझा अनुभवों से भर गई। रेडियो अब केवल सुनने का माध्यम नहीं रहा। वह एक ऐसा मंच बन गया। जिस में लोग सक्रिय रूप से भाग लेने लगे। नो आरजे स्टूडियो ने हर सफ़र के हम सफर के असली मायने को जीवंत किया। यह दर्शाते हुए कि अदाणी एयरपोर्ट्स केवल बुनियादी ढाँचे और संचालन तक सीमित न रहकर। उस से आगे बढ़कर सार्थक अनुभव रचते हैं। यह अदाणी समूह की हम करके दिखाते हैं। भावना को भी प्रतिबिंबित करता है। जहाँ जमीनी स्तर पर वास्तविक कार्रवाई के माध्यम से अनुभव आधारित कहानी कही गई। रेडियो लाइव इंटरैक्शन और डिजिटल स्टोरी टेलिंग के सहज एकीकरण के जरिए रेडियो मिर्ची और अदाणी समूह ने जरिए जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक प्रभावशाली और यादगार अनुभव को सहण्रचना किया। ऐसा अनुभव, जो यात्रियों के साथ उनकी यात्रा शुरू होने के बाद भी लंबे समय तक बना रहा।

# ई-कॉमर्स के नाम पर साइबर ठगी करने वाले दो शातिर ठग गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** साइबर पुलिस थाना जयपुर ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए की जा रही संगठित साइबर वित्तीय धोखाधड़ी का खुलासा करते हुए शातिर साइबर ठग गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अमोल चोपड़ा निवासी छत्तीसगढ़ और सक्षम खंडेलवाल निवासी प्रताप नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जबकि गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी आम लोगों को फर्जी और मैलिशियस लिंक भेजकर उनके मोबाइल फोन हैक करते थे। इसके बाद पीड़ितों के क्रेडिट और डेबिट कार्ड विवरण का दुरुपयोग कर फ्लिपकार्ट, अमेजन, स्विगी, जेप्टो और ब्लिंकिंग जैसे बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से महंगे मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान ऑर्डर करते थे। पूरे मामले का खुलासा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर हुआ। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण और गोपनीय इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

**क्रिप्टोकरेंसी से छुपाते थे लेन-देन**-पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पुलिस जांच से बचने और वित्तीय लेन-देन छुपाने के लिए क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल करते थे। इसके जरिए वे साइबर ठगी से प्राप्त रकम को ट्रेस होने से बचाते थे।

**नेपाल के रास्ते विदेश भेजते थे मोबाइल**-पुलिस कमिश्नर ने बताया कि ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी और ई-कॉमर्स अपराधों की रोकथाम के लिए एसीपी क्राइम मनीष अग्रवाल के निर्देशन में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों ने आरोपियों की पहचान कर उनके नेटवर्क को तोड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी थर्ड पार्टी एप्लिकेशन, डिजिटल पहचान चोरी और फिलपकार्ट मिनट जैसी फास्ट डिलीवरी सेवाओं का उपयोग कर कम समय में सामान मंगाते थे। साइबर ठगी से खरीदे गए नए मोबाइल फोन को नेपाल के रास्ते दूसरे देशों में भेजा जाता था। जिसके पुख्ता साक्ष्य पुलिस को मिले हैं।

**एक आरोपी जेलए दूसरा पुलिस रिमांड पर**-पुलिस उपायुक्त अपराध अभीजीत सिंह ने बताया मामले में साइबर पुलिस थाना जयपुर में विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी अमोल चोपड़ा को न्यायिक अभिरक्षा जेसी में भेज दिया गया है, जबकि कोर्ट ने दूसरे आरोपी सक्षम खण्डेलवाल को दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश के साथ-साथ डिजिटल, वित्तीय और अंतरराष्ट्रीय लिंक की गहन जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में इसे अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह माना जा रहा है।

# लायंस क्लब प्रेरणा द्वारा सेवा की शुरूआत



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में लायंस क्लब प्रेरणा द्वारा वर्ष 2026 को 100 ऊनी कंबल एवं गायों को गुड स्वामिनी द्वारा नए वर्ष की शुरूआत की गई। कंदोई निवास पर सुशील कुमार संदीप कंदोई के आर्थिक सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में मिथिलेश कुमार उपखंड अधिकारी, गौरव खिड़िया थानाधिकारी, भागवताचार्य कृष्णानंद महाराज, जोन चेयरपर्सन रीटा कुलहरि, रामरतन कंदोई, सुरेश मुरारका, अग्रवाल सेवा समिति अध्यक्ष राधेश्याम पांडुसरिया, मोतीलाल तातेड, लायंस क्लब प्रेरणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील चोटिया मंचस्थ अतिथि रहे। लायंस क्लब प्रेरणा द्वारा मंचस्थ अतिथि एवं कार्यक्रम में उपस्थित जनों का दुपट्टा एवं कंठहार से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रहलाद जैसेल-नव निर्वाचित अध्यक्ष ट्रेड एसोसिएशन, प्रदीप धरड, अध्यक्ष लायंस क्लब वेस्ट रतनगढ़ का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे वीरेंद्र बुनकर, ओम प्रकाश चौहान, शाबीर अली नजमी, रामावतार ठठेरा, भंवर लाल शर्मा, सुधीर शर्मा, अरुण शर्मा, प्रहलाद जैसेल, भारती मुद्गल, नीलम कंदोई, सरोज चोटिया, सुनील चोटिया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट डॉ जया कांत बिंवाल ने किया।

# पर्यटकों के लिए खास है राजसमंद के यह पर्यटन स्थल




## राजसमंद झील

राजसमंद का सबसे अच्छा पर्यटक आकर्षण राजसमंद झील है। झील का नाम उस राजा से मिलता है जिसने इसे जिले में बनाया था। राजसमंद झील विशाल है लेकिन भरी नहीं है। झील शहर के मुख्य भूमि के लगभग आधे हिस्से को कवर करती है। झील पहाड़ों की सुंदर पृष्ठभूमि में स्थापित है जो इसकी सुंदरता ओर बढाते है। इसके अलावा, संगमरमर के पत्थर से निर्मित सुंदर नक्काशीदार छतरियां और झील में जाने के लिए संगमरमर की सीढियां पहले से ही सुंदर झील की सुंदरता में चार चांद लगाते है। यह झील भारत में सबसे स्वच्छ झील है, जो आपको लेकसाइड के दौरान वास्तव में आनंद की अनुभूति प्रदान करती है। झील का दौरा करने का सबसे अच्छा समय शाम को होता है जब शाम के समय सूर्य कि किरणे पूरी झील को नारंगी रंग की रोशनी में रंग देती है। यह झील राजसमंद जिले मे घूमने वाले स्थानो में सबसे स्वच्छ और मनोरम स्थल है।

## नौ चौकी पल

राजसमंद के दर्शनीय स्थलों में नौ चोकी का नाम प्रमुख रुप से लिया जाता है। सीधे शब्दों हम यह कह सकते हें कि यहां पर हर कलाकृति नौ के जोड से बनी हुई है । यहां कि विशेशता है कि हर नौ सीढ़ीयों के बाद एक बडी चौकी या चौखटा आता है । यहां पर तीन तोरण बने हुए थे पर रखरखाव के अभाव में अब सिर्फ एक ही साबूत बचा हुआ है, यह तोरण भी नौ पथ्थरों के जोड से ही बना हुआ है । हिन्दु धर्म में नौ अंक का बेहद महत्व है, कहते हें कि नौ ग्रह होते हें, नौ दिन नवरात्री के होते हें, नौ रत्न कि भी अपनी एक अलग पहचान है, अत: यह नौ चोकी भी ईसी परम्परा का निर्वाह करती है। यहां तीन छतरीयां हैं जो कि संगमरमर के सफेद पथ्थरों से बनी हुई है और इन पर जो बारीक खुदाई का कार्य किया हुआ है वो वाकई में लाजवाब है। यहां के शिल्प की जितनी तारीफ की जाए वह कम है, छतरीयों के स्तंभ, किनारे और छत आदि पर बेल बुटे, हाथी, घोडे, विभिन्न प्रकार के फूल एवं कृष्ण लीला आदि दर्शाए गए हैं । पथरों पर बहुत ही बारीक खुदाई का कार्य किया हूआ है। बरसात के महिनों में तो यहां का सौन्दर्य और भी निखर उठता है, झुले लगा दिये जाते हैं, सुखिया सोमवार, एवं हरीयाली अमावस्या पर यहां मेला भरता है जहां ग्रामीण व शहरी लोग मेले का आनंद उठाते हैं । गणेश चथुर्ति पर यहीं गणपति कि प्रतिमा का विसर्जन भी किया जाता है



## कंक्रोली मंदिर

प्रसिद्ध राजसमंद झील के नजदीक फेमस कंक्रोली मंदिर है। मंदिर अपनी विशालता के मामले में झील से मेल खाता है और इसे कठिन प्रतिस्पर्धा देता है। कंक्रोली मंदिर भगवान कृष्ण को समर्पित है और इसलिए इसे भगवान कृष्ण का दूसरा नाम द्वारकाधिश मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर हजारों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है जो कंक्रोली में कृष्णा के आशीर्वाद की तलाश में आते हैं। इसके अलावा, पत्थर में जटिल नक्काशी मंदिर की सुंदरता और आकर्षण में चार चांद लगाते है। सफेद संगमरमर में बनाया गया, मंदिर झील के लिए एक उत्कृष्ट दृष्टिकोण के रूप में भी कार्य करता है। मंदिर निश्चित रूप से आपके दिमाग को शांत करेगा और मानसिक रूप से आपको ताजा करेगा।

## चारभुजा मंदिर

चारभुजा मंदिर राजसमंद जिले के कुम्भलगढ़ तहसील के गढ़ौर गांव में भगवान विष्णु का एक प्रसिद्ध मंदिर है। चार भुजाओं के कारण चारभूजा भगवान विष्णु का एक और नाम है। मंदिर 1444 ईसवीं में बनाया गया था। मंदिर के अंदर शिलालेख के अनुसार, गांव का नाम बद्री था, इसलिए, मूर्ति को बद्रीनाथ माना जाता है। चारभूजा नाथ के देवता को चमत्कारी माना जाता है।

## सिंचाई गार्डन

किसी भी मौसम के लिए जाने के लिए कंक्रोली राजसमंद क्षेत्र में सिंचाई गार्डन एकमात्र सबसे अच्छी जगह है। यहां जेके टायर कंक्रोली राजसमंद झील के महल पर स्थित एक बहुत अच्छा बगीचा है। आप खूबसूरत छत्रिस के साथ सूर्यास्त के बहुत अच्छे दृश्य को देख सकते हैं, जो पैल की तटबंध को सजाते हैं। यह यात्रा करने के लिए बहुत प्रसिद्ध और शांतिपूर्ण जगह है, कई लोग सिंचाई उद्यान में सुबह और शाम के लिए यहां आते हैं।

राजसमंद राजस्थान राज्य का एक शहर, जिला, और जिला मुख्यालय है। राजसमंद शहर और जिले का नाम राजसमंद झील, 17 वीं शताब्दी में मेवाड़ के राणा राज सिंह द्वारा बनाई गई कृत्रिम झील के नाम पर रखा गया है। राजसमंद जिला का गठन उदयपुर जिले से 10 अप्रैल, 1991 को हुआ था। राजसमंद जिला मेवाड़ क्षेत्र का हिस्सा है, और ऐतिहासिक रूप से मेवाड़ साम्राज्य का हिस्सा था, जिसे उदयपुर साम्राज्य भी कहा जाता था। महाराणा प्रताप की पांचवीं पीढ़ी के सक्षम प्रशासक महाराणा राज सिंह ने 1662 ईस्वी में राजसमंद झील का निर्माण किया, जो मूर्तिकला और सार्वजनिक उपयोगिता कार्यों का एक सुंदर उदाहरण है। राजसमंद झील के अलावा भी इस जिले मे अनेक पर्यटक आकर्षण है। राजसमंद अपने संगमरमर उत्पादन के लिए सबसे बड़े उत्पादक जिले के साथ-साथ पूरे देश में सबसे बड़ी एकल इकाई के रूप में जाना जाता है। राजसमंद ने 1857 में 'राममगढ़ का छापर' में तात्या टोपे और ब्रिटिश सैनिकों के बीच स्वतंत्रता संग्राम को भी देखा। राजसमंद इतिहास, धर्म, संस्कृति और खनन उद्योगों के बारे में बहुत समृद्ध जिला है। पर्यटक रुचि के प्रसिद्ध स्थानों में कुम्भलगढ़-महाराणा प्रताप का जन्म स्थान, हल्दीघाटी प्रसिद्ध युद्धक्षेत्र, श्रीनाथजी वैष्णव धर्म के प्रमुख देवता, द्वारिकाधिश, चारभूजा और कई शिव मंदिर हैं। राजसमंद उदयपुर के 67 किलोमीटर उत्तर और एनएच 8 पर राज्य राजधानी जयपुर के 352 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। राजसमंद जिला राजस्थान के कई जिलों से घिरा हुआ है। उत्तर में अजमेर, पश्चिम में पाली, दक्षिण में उदयपुर और पूर्व में भीलवाड़ा।



## राजसमंद का इतिहास

एक किंवदंती राजसमंद, की उत्पत्ति को पौराणिक राजा पुट्राका की उत्पत्ति के बारे में बताती है, जिन्होंने राजस्थान को अपनी रानी पातालि के लिए जादू से तुरही का फूल बनाया, जो इसे प्राचीन नाम पातालिग्राम देता है। ऐसा कहा जाता है कि रानी के पहले बच्चे के जन्म के सम्मान में, शहर को पाटलीपुत्र नाम दिया गया था। यह अनुमान लगाने के लिए उचित होगा कि राजसमंद का इतिहास 490 ईसा पूर्व के आसपास शुरू हुआ जब मगध के राजा अजाताशत्रू अपनी राजधानी को पहाड़ी राजग्राह से अधिक रणनीतिक रूप से स्थित करना चाहते थे वैशाली के लिच्छवियों का मुकाबला करने के लिए उन्होंने गंगा तट पर इस जगह का चयन किया और क्षेत्र को मजबूत बनाया। उस समय से, शहर का निरंतर इतिहास रहा है, एक रिकॉर्ड के अनुसार दावा किया गया है। गौतम बुद्ध अपने जीवन के आखिरी वर्ष में इस जगह से गुजर चुके थे, और उन्होंने इस जगह के लिए एक महान भविष्यवाणी की थी, लेकिन साथ ही, उन्होंने बाढ़, आग और झगड़े से बर्बाद होने की भविष्यवाणी की थी।

## हल्दी घाटी

आपने इस मशहूर जगह के बारे में सुना होगा और आपने इतिहास की किताबो मे इसके बारे में जरूर पढ़ा होगा। इसका पाठयक्रम 10 कक्षा तक के पाठयक्रमों मे जरूर आता है। यह वही हल्दीघाटी है। हल्दीघाटी की प्रसिद्ध लड़ाई यहां हुई थी, जहां मुगल सेनाओं और महाराणा प्रताप की सेना ने संघर्ष किया था। हल्दीघाटी शहर के बाहरी इलाके के पास स्थित एक पास है। यह हल्दी रंग के पहाड़ों के चारों ओर सुंदर ड्राइविंग है जो अपना नाम पास करते हैं। इसके अलावा,यहां प्रताप और उनके वफादार घोड़े, चेतक को समर्पित एक संग्रहालय भी है। जो इसे एक दिलचस्प जगह बनाते है। यह जगह सभी इतिहास प्रेमियों के लिए स्वर्ग है। इतिहास में रूचि रखने वाले सैलानी यहां जरूर जाते है।

## कुम्भलगढ़ किला

राजस्थान के सबसे अच्छे किलों में से एक राजसमंद में है। कुम्भलगढ़ किला एक विशाल पहाड़ी किला है जो 14 वीं शताब्दी की तारीख का है। कुम्भलगढ़ किला राजस्थान के महानतम राजा महाराणा में से एक का जन्मस्थान है। किले को अपने महत्व और सटीक संरक्षण के कारण यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल के रूप में घोषित किया गया है। किले की सबसे लंबी दीवार है, और सभी किलों के बीच सूची में सबसे ऊपर है। भव्य कुंभलगढ़ किला स्पष्ट रूप से कई किलोमीटर दूर दिखाई देता है। किले में कई मंदिर शामिल हैं जो स्थापत्य चमत्कार हैं। किला समय की परीक्षा में खड़ा रहा है और इसमें सबसे अच्छा वास्तुशिल्प डिजाइन और दूरी है। किले की यात्रा करने वाले सभी सैलानी इस की शानदार भव्यता आकर्षण तारीफ किए बिना नही रहते।

## कुमभलगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य

राजसमंद में एक और जगह जो आपकी यात्रा की हकदार है वह कुंभलगढ़ का वन्यजीव अभयारण्य है। अभयारण्य मुख्य रूप से अरावली पहाड़ियों पर आधारित है और यह बड़ी मात्रा में वनस्पतियों और जीवों का घर है। तेंदुए, हाइना, जैकल्स और नीलगाइज जैसे जानवर यहां आम हैं। अभयारण्य का अनुभव पाने का सबसे अच्छा तरीका सफारी द्वारा है। जीप सफारी आपको जंगल के माध्यम से ले जाएंगे और पूरे इलाके को भी कवर करेंगे जिसमें आप आराम से जंगल सफारी का आनंद ले सकते हैं।

# अगर आप धार्मिक स्थलों पर जाना पसंद करते हैं तो जरूर जाएं अयोध्या

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या पूरे विश्व में विख्यात है। विश्व भर में धार्मिक पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र अयोध्या का इन दिनों कायाकल्प हो रहा है जिससे आने वाले दिनों में लोगों को अलग प्रकार का अनुभव होगा। यहां विश्व स्तरीय हवाई अड्डा, विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन, सभी तरह की सुविधाओं से युक्त छोटे-बड़े होटल, पर्यटक केंद्र और संग्रहालयों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। माना जा रहा है कि जनवरी 2024 में राम मंदिर के उद्घाटन के समय तक दिव्य नगरी अयोध्या भव्य स्वरूप ले चुकी होगी। इस समय सरयू तट पर आप जाएंगे तो तमाम तरह की सुविधाओं के साथ-साथ आपको नदी का जल भी एकदम स्वच्छ मिलेगा। यही नहीं अयोध्या को पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह दीपावली पर सजाया जा रहा है वह दृश्य देखकर पूरी दुनिया अचम्भित हुए जा रही है। अगर आप अयोध्या घूमने आ रहे हैं तो यहां मंदिर ही मंदिर हैं जहां कुछ समय गुजार कर आपको एक अलग ही प्रकार की अनुभूति होगी। अब तो रामलला भी टैंट से निकल कर फाइबर से बने अस्थायी मंदिर में विराजमान हैं जहां उनके दिव्य दर्शन आसानी से किये जा सकते हैं। सप्त पुरियों में से एक नगरी माने जाने वाली अयोध्या के बारे में कहा जाता है कि इसकी स्थापना मनु ने की थी। यहां आप श्रीरामजन्मभूमि देखने के अलावा कनक भवन, हनुमानगढ़ी, राजद्वार मंदिर, दशरथमहल,



श्रीलक्ष्मण किला, कालेराम मंदिर, मणिपर्वत, श्रीराम की पैड़ी, नागेश्वरनाथ, क्षीरेश्वरनाथ श्री अनादि पञ्चमुखी महादेव मंदिर, गुप्तार घाट समेत अनेक मंदिर देख सकते हैं। इसके अलावा बिरला मंदिर, श्रीमणिरामदास जी की छावनी, श्रीरामवल्लभाकुंज, श्रीलक्ष्मण किला, श्रीसियारामकिला, उदासीन आश्रम रानोपाली तथा हनुमान बाग जैसे अनेक आश्रम भी जा सकते हैं। इसके अलावा विश्व हिन्दू परिषद की कार्यशाला को भी देखना चाहिए क्योंकि बरसों से राम मंदिर निर्माण की तैयारी में यहां बड़ी संख्या में मजदूर लगे हुए थे। वैसे तो अयोध्या में लगभग हर समय कोई मेला या त्योहार चल ही रहा होता है लेकिन श्रीरामनवमी, श्रीजानकीनवमी, गुरुपूर्णिमा, सावन झूला, कार्तिक परिक्रमा, श्रीरामविवाहोत्सव आदि उत्सव यहाँ बड़े उत्साह के साथ मनाये जाते हैं।

# पर्यटकों के घूमने के लिए खूबसूरत है दौलताबाद किला

दौलताबाद किला औरंगाबाद के मुख्य शहर से 15 किमी दूर स्थित एक प्राचीन संरचना है जो हरियाली के बीच बड़ी ही शान से खड़ा है। दौलताबाद किला 'महाराष्ट्र के सात अजूबों' में से एक के रूप में जाना जाता है, जिसका निर्माण 12 वीं शताब्दी के दौरान किया गया था। आपको बता दें कि यह किला देवगिरि किला के रूप में भी जाना जाता है, जो यहां आने वाले पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। पर्यटकों को इस किले तक पहुंचने के लिए 750 सीढियां चढ़ कर जाना होता है, लेकिन ऊपर से नीचे का दृश्य बहुत ही शानदार नजर आता है। पराक्रमी देवगिरि किले का एक और अनूठा पहलू इसकी इंजीनियरिंग प्रतिभा है, जिसने न केवल दुश्मन ताकतों के खिलाफ अभेद्य रक्षा प्रदान की, बल्कि पानी के अपूरणीय संसाधनों को भी अच्छी तरह से प्रबंधित किया था।

**दौलताबाद किला का इतिहास :** यदि आप एक इतिहास प्रेमी है और दौलताबाद किला के इतिहास के बारे में जानने की दिलचस्पी रखते है तो हम आपको दौलताबाद किला का इतिहास काफी दिलचस्प और पुराना है। दौलताबाद किला का निर्माण 1187 में यादव वंश द्वारा बनाया गया था जब मुहम्मद तुगलक ने दिल्ली की गद्दी संभाली। किले को देश में सबसे अच्छे संरक्षित किलों में माना जाता है, जो बिना किसी फेरबदल के कई वर्षों तक जीवित रहा



है। यादव वंश का समृद्ध राज्य मोहम्मद बिन तुगलक के नेतृत्व में दिल्ली के तुगलक वंश ने अपने कब्जे में कर लिया था, जिन्होंने दो किलों के साथ देवगिरी शहर पर कब्जा कर लिया था। 1327 की शुरुआत में, जब देवगिरि शहर को तुगलक वंश ने अपने कब्जे में ले लिया था, उस स्थान का नाम देवगिरि से बदलकर दौलताबाद कर दिया गया था। 1328 में, दौलताबाद को पूरी तरह से दिल्ली की सल्तनत ने अपने कब्जे में ले लिया और आने वाले दो वर्षों के लिए तुगलक वंश की राजधानी के रूप में स्थापित किया गया। लेकिन क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की कमी के कारण तुगलक वंश ने जल्द ही शहर को छोड़ दिया।

**देवगिरि किले का निर्माण :** दौलताबाद किले का सामरिक और शक्तिशाली निर्माण इसे देश के सबसे अच्छी तरह से संरक्षित किलों में से एक बनाता है। यह किला लगभग 200 मीटर ऊंची एक शंक्वाकार पहाड़ी पर स्थित है। जिसका निचला हिस्सा उस खाई से घिरा हुआ है जो दुश्मनों के प्रवेश को बचाने के लिए मगरमच्छों से भरी हुई थी। देवगिरि किले का निर्माण अपने आप में अजीबोगरीब था, और इसे इस तरह से बनाया गया था कि कोई भी शत्रु इसके अन्दर प्रवेश ना कर पाये। किले में एक एकल द्वार था जो प्रवेश और निकास दोनों के रूप में कार्य करता था। पूरा किला कई गढ़ों से सुरक्षित है। तुगलक वंश की अवधि के दौरान, विभिन्न तोपों द्वारा इसे और अधिक मजबूत किया गया था और शक्तिशाली एडीफिस की सुरक्षा के लिए 5 किमी की मजबूत दीवार बनाई गई थी। तुगलक वंश के शासन के दौरान किले के अंदर 30 मीटर का चांद मीनार भी बनाया गया था।

**दौलताबाद किले के लिए ट्रेकिंग :** औरंगाबाद में एक पहाड़ी के उपर स्थित दौलताबाद किला एक ऐसा पर्यटक स्थल है जो इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के साथ साथ ट्रेकर्स प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है क्योंकि किले तक पहुचने के लिए कुछ चुनौतीपूर्ण ट्रेकिंग करनी होती है। दौलताबाद किले की यात्रा के सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सों में से एक इस किले के शीर्ष पर पहुचना है जिसमे लगभग 750 सीढ़ियां चढ़नी होती है जिसमे 1-3 घंटे के बीच का समय लगता है। कठिनाई स्तर मध्यम से आसान है और रास्ते में कुछ अंधेरे क्षेत्र हैं जिनके लिए आपको एक मशाल ले जाने की आवश्यकता है। एक बार जब आप किले के उपर पहुंच जाते है तो वहां से नीचे के सुन्दर परिदृश्यो को देख सकते है जो बेहद आकर्षक और मंत्रमुग्ध कर देने वाले होते है।

# भारत की सबसे खूबसूरत यह पवित्र नदियां

यु कहने को तो भारत में छोटी बड़ी लगभग 200 नदियाँ है। भारत की प्रत्येक नदी की अपना अपना एक अलग महत्त्व है। कुछ नदियाँ भारतीय लोगों के जीवन यापन का मुख्य स्त्रोत हैं। नदियाँ रिवर राफ्टिंग जैसे एक्टिविटीज के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। कुछ नदियाँ धार्मिक स्थलों के रूप में प्रसिद्ध है जहाँ देश भर से लोग डुबकी लगाने के लिए आते है, कहा जाता भारत की पवित्र नदियाँ में स्नान करने से सभी पाप धुल जाती है और स्वर्ग की प्राप्ति है। सात नदियों को भारत की पवित्र नदियों के रूप में गिना जाता है। भारत में अधिकांश पवित्र स्थान जैसे वाराणसी, हरिद्वार, तालकावेरी, नासिक, उज्जैन और पटना सात पवित्र नदियों के किनारे स्थित हैं। इलाहाबाद में त्रिवेणी संगम 3 नदियों गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदी का संगम है।

**गंगा नदी :** हिमालय में गौमुख से निकलकर बंगाल की खाड़ी की और बहती हुई गंगा नदी भारत की सबसे पवित्र नदी है और भारत की सबसे लंबी नदी है। नदी को भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया है और गंगा डॉल्फ़िन को भारत का राष्ट्रीय जलीय जानवर भी घोषित किया गया है। बहुत कम ही लोग ऐसे होगे जो गंगा नदी के धार्मिक महत्व से अवगत नही होगें। आज भी भारत के साथ साथ विदेशो से लोग गंगा नदी में एक पवित्र स्नान के लिए हजारों किलोमीटर से यहाँ आते है। कहा जाता है गंगा नदी के दर्शन मात्र से पापों से मुक्ति मिल जाती है तो सोचिये गंगा नदी में स्नान कितना महत्त्व होगा। यह भी मान्यता है की गंगा नदी में अस्थियाँ विसर्जन करने से मरे हुए व्यक्ति की आत्मा को स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इलाहाबाद, वाराणसी, गंगा नदी के किनारे वसे सबसे पवित्र शहर है। वाराणसी के तट से हर रोज गंगा जी की पवित्र आरती भी की जाती है जिनमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते है। गंगा की कई सहायक नदियाँ हैं जैसे यमुना, चंबल, बेतवा और उनमें से एक प्रमुख घाघरा है, जो इसे पटना से पहले मिलती है।

**यमुना नदी :** यमुना नदी भारतीय उपमहाद्वीप की एक प्रमुख नदी है, जो हिमालय पर्वत में यमुनोत्री के रूप में उभरती है और त्रिवेणी संगम, इलाहाबाद में गंगा में मिल जाती है। यह देश की सबसे पवित्र नदियों में से एक है जिसके किनारे वसे गोकुल और मथुरा सबसे पवित्र शहर है। जबकि इसका उद्गम स्थल यमुनोत्री भी श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र बना हुआ है जहाँ देश के विभिन्न कोनो से श्रद्धालु यमुना देवी के दर्शन और पवित्र स्नान के लिए आते है।

**शिप्रा नदी :** शिप्रा नदी मध्य प्रदेश में बहने वाली एक और प्रमुख नदी है जिसे हिंदू धर्म की सबसे पवित्र नदियों में से एक माना गया है। पवित्र नगरी उज्जैन इसके दाहिने किनारे पर स्थित है जो भारत में बारह प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में से एक के लिए प्रसिद्ध है जिसे महाकालेश्वर के नाम से जाना जाता है। हर 12 साल में उज्जैन में कुंभ मेला उत्सव होता है जिस दौरान लाखों लोग पवित्र नदी शिप्रा में पवित्र स्नान और स्नान करते हैं। यह पवित्र नदी इंदौर के उज्जैनी मुंडला गांव की ककड़ी बड़ली नामक स्थान से निकलती है और चंबल नदी में जाकर मिल जाती है।

**गोदावरी नदी :** भारत की सात सबसे नदियाँ में से एक गोदावरी नदी दक्षिण भारत की प्रमुख नदी है। गोदावरी नदी की पवित्रता और भक्तों का इसके प्रति आस्था और श्रद्धा भाव के कारण इस नदी को दक्षिणा गंगा के रूप में भी जाना जाता है। गोदावरी नदी का उद्गम स्थल महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबक पहाड़ियां है जो अतं में पूर्वी घाट की ओर बंगाल की खाड़ी में जाकर मिल जाती है।



## सरस्वती नदी

सरस्वती एक प्राचीन नदी है जो वेदों में भी वर्णित है, जो वैदिक युग के दौरान उत्तर भारत में बहती थी। हालांकि आज उस प्राचीन नदी का भौतिक अस्तित्व नहीं है, जो कही रेगिस्तान में खो गई। भारत की सबसे पवित्र नदियों में से एक सरस्वती नदी शिवालिक पर्वतमाला, हिमालय से निकलकर त्रिवेणी संगम में जाकर मिलती है। इलाहाबाद में त्रिवेणी संगम 3 नदियों का संगम है, इन तीनों में से एक सरस्वती नदी भी है जिससे इस नदी की पवित्रता का अंदाजा लगाया जा सकता है। अक्सर भारत की सबसे पवित्र नदियों में गंगा, युमना और सरस्वती के नाम ही सबसे उपर लिए जाते है।

## नर्मदा नदी

नर्मदा नदी जिसे माँ रेवा के नाम से जाना जाता है,भारत की सात पवित्र नदियों में से एक है। नर्मदा नदी मध्य प्रदेश के अमरकंटक में मैकला पर्वतमाला से निकलती है और विंध्य और सतपुड़ा पर्वतमाला के बीच आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम दिशा में बहती हुई खंभात की खाड़ी में जाकर मिल जाती है। नर्मदा नदी को मध्य प्रदेश की जीवन रेखा भी कहा जाता है। नर्मदा नदी का मध्य प्रदेश में धार्मिक महत्त्व भी काफी अधिक है जिसमे पूर्णिमा, अमावस्या जैसे अन्य पवित्र त्यौहार नर्मदा में स्नान की बिना पुरे नही होते है।

# रविन्द्रप्रताप डारा बने पुलिस उपाधीक्षक

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू जिले के ग्राम किशोरपुरा निवासी रविन्द्र प्रताप डारा राजस्थान पुलिस सेवा में पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नत हुए हैं । राजस्थान सरकार के गृह विभाग (ग्रुप- 1) द्वारा दिनांक 31 दिसंबर को जारी आदेश के अनुसार वर्तमान में एजीटीएफ जयपुर में इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत रविन्द्र को डीवाईएसपी पद पर पदोन्नति दी गई है। पूर्व उपजिला खेल अधिकारी स्व. सुल्तान सिंह डारा व पूर्व पार्षद भगवती डारा के पुत्र तथा नगर परिषद के पूर्व उपसभापति वीरेंद्र डारा के छोटे भाई रविन्द्र पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी उत्कृष्ट राजकीय सेवा के लिए कई बार सम्मानित भी हुए हैं। उन्हें वर्ष 2011 में जहां राजस्थान के राज्यपाल द्वारा सम्मानित होने का अवसर मिला वहीं वर्ष 2021 में उन्हें विभाग द्वारा राष्ट्रपति पुलिस मेडल देकर सम्मानित किया गया। डारा की इस उपलब्धि के लिए एनएचएआई के पूर्व महाप्रबंधक सहीराम धायल, पूर्व तहसीलदार रामकुमार सिहाग, धर्मपाल डारा, दयाराम पूनिया, सीनियर नर्सिंग अधिकारी सुरेश कुमार मील, बंधे बॉयज के समस्त सदस्यों व उनके शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है।

## राज्य बीमा पॉलिसी परिपक्वता दावे समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सीकर सरिता सैनी ने बताया कि समस्त राज्य कर्मचारी जिनका जन्म 1 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 के मध्य हुआ है, उनके जीवन पर जारी राज्य बीमा की पॉलिसी एक अप्रैल 2026 को भुगतान के लिए परिपक्व होने जा रही है। उन्होंने बताया कि ऐसे समस्त राज्य कर्मचारी अपने परिपक्वता दावे से संबंधित समस्त आवश्यक दस्तावेज नियत समय पर ऑनलाईन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इसके अंतर्गत पदस्थापन विवरण के लिए परिशिष्ट क, दोनों ओर से मूल राज्य बीमा पॉलिसी, बीमा पासबुक, रिकार्ड बुक, कैन्सिल चैक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति, बीमेदार द्वारा बढ़ाई गई अंतिम बीमा कटौती से संबंधित अधिक घोषणा पत्र आदि दस्तावेज कर्मचारी द्वारा अपनी स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से एसआईपीएफ न्यू 3.0 पोर्टल पर 20 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर ऑनलाईन भिजवाए जाने हैं ताकि स्वत्व राशि के भुगतान की कार्यवाही नियत समय पर की जा सके। समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हुए शत-प्रतिशत ऑनलाईन आवेदन भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा पूछताछ के लिए संयुक्त निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सीकर के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित




सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कांवट में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कांवट एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए एवं चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट तथा डेंटल सर्जन की विशेषज्ञ टीम द्वारा 308 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में सरपंच मीना सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामावतार भडासरा, सीएचसी प्रभारी डॉ अविनाश लेघा, सांवरमल अग्रवाल, कपिल चौधरी, दीपेंद्र चौधरी, निखिल शर्मा, राहुल यादव, रोहित शर्मा, सतीश चौधरी, सुरेंद्र संघी, राजेश चौधरी, सुभाष पालीवाल सहित अनेक गणमान्यजन शरीक हुए। अतिथियों ने प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा चलायी जा रही निःशुल्क चिकित्सा सेवा मुहिम की सराहना की।

# भाजपा ने हमेशा राजस्थान के हितों को रखा सर्वोपरि, जबकि कांग्रेस ने बंदरबांट की राजनीति को दिया बढ़ावा : राठौड़

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेशवासियों को अंग्रेजी कैलेंडर के प्रथम दिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नव वर्ष राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाने और भारत को और अधिक समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लेकर आया है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2025 में भारत की विश्व मंच पर प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है। भारत आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया। देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ा है और कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हासिल कर चुका है। अंतरिक्ष क्षेत्र में भी भारत ने वैश्विक प्रतिस्पर्धा में ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने अल्प समय में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। चाहे जल प्रबंधन का क्षेत्र हो, बिजली आपूर्ति, रोजगार सृजन, आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण हो या किसानों को सशक्त बनाने की योजनाएं सरकार ने प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र के हित में ठोस निर्णय लिए हैं। राठौड़ ने कहा कि सोलर ऊर्जा के माध्यम से किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे कृषि के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। इससे राजस्थान समृद्ध बनेगा और विकसित राजस्थान के लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज विपक्षी दलों में आपसी कलह, फुट और सिर फुटव्वल साफ दिखाई दे रही है। इसी कारण जनता का विश्वास भाजपा पर लगातार बढ़ रहा है और लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। राजस्थान रिफाइनरी के विषय में राठौड़ ने कहा कि इसकी प्रक्रिया वसुंधरा राजे सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ हुई थी। कांग्रेस सरकार ने सितंबर 2013 में रिफाइनरी को लेकर ऐसा एमओयू किया, जिसमें राज्य सरकार को 15 वर्षों तक बिना ब्याज के प्रतिवर्ष 3871 करोड़ रुपये देने थे तथा 15 वर्ष बाद 26 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलती, यह राज्य पर अत्यधिक आर्थिक बोझ डालने वाला समझौता था।

# सुंदर सागर महाराज का ससंघ जैन मंदिर में हुआ मंगल प्रवेश



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजकीय अतिथि परम प्रभावक दिव्य तपस्वी राष्ट्रीय संत आचार्य सुंदर सागर ससंघ वात्सल्य मूर्ति कवि हृदय आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ का पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, थड़ी मार्केट, मानसरोवर में सांगानेर संघी के मंदिर से भव्य शोभा यात्रा के रूप में बैंड बाजे, लवाजमा के साथ एसएफएस मानसरोवर क्षेत्र में स्थित दिगंबर जैन मंदिर के सामने से प्रारंभ होकर मुख्य मंत्री कार्यालय, डिस्पेंसरी रोड विभिन्न मार्गों से होते हुए थड़ी मार्केट के श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर पहुंचा। जगह-जगह सम्पूर्ण थड़ी मार्केट और मानसरोवर जैन समाज के लोगों ने महाराज की भव्य अगवानी की। मंदिर प्रांगण में धर्म सभा का आयोजन हुआ मंगलाचरण, प्रशन मंच के पश्चात शानदार भजन संध्या का आयोजन गुरु और संघ के सानिध्य में हुआ, पांच दिवसीय आयोजन में 5 जनवरी तक नित्य प्रातःकाल शांति धारा, मंगल प्रवचन और सांयकाल गुरु भक्ति औरं शंका समाधान के कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति के सदस्य, युवा मंडल, महिला मंडल और विद्या वसु पाठशाला के गणमान्य जन और सकल जैन समाज से पुरुष, महिलाएं, युवा और बच्चे जोश के साथ बढ़ चढ़कर अपनी सक्रिय भागीदारी दे रहे हैं। मानसरोवर क्षेत्र से सभी जैन बन्धु इन आयोजनों का पुण्य लाभ लेंगे। इस मौके पर सुमत प्रकाश जैन, अध्यक्ष पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति, अशोक जैन, समाज के गणमान्य लोगों ने आयोजन में शिरकत की।

# चौमाल बनी एबीवीपी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जयपुर प्रांत का 61 वा प्रांत अधिवेशन सांगानेर के पूर्णिमा यूनिवर्सिटी मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम के राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्यातिथि में हुआ। अधिवेशन के घोषणा सत्र मे प्रांत अध्यक्ष डॉ. जिनेश जैन ने घोषणा करते हुए सुजानगढ़ क्षेत्र से रतनगढ़ इकाई की पुनीता चौमाल को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया। पुनीता चौमाल रतनगढ़ के श्रीमती केशरी देवी लोहिया कॉलेज की छात्रसंघ अध्यक्ष, जिला समिति सदस्य प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अनेक दायित्वों का निर्वहन कर चुकी है। चौमाल ने बताया की मेरा शोभाग्य है की विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन मे राष्ट्र हित मे कार्य करने का मौका मिला और छात्राओ को प्रतिनिधित्व दिया संगठन का बहुत बहुत आभार व्यक्त करती हूं।

# जिले की बड़ी उपलब्धिः मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के प्रथम चरण में राज्य में प्रथम स्थान हासिल

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के प्रथम चरण में सीकर जिले ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक शानदार उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता जिले के जल संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह योजना 15 फरवरी 2024 को बजट घोषणा के तहत शुरू की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के गांवों को जल के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। प्रथम चरण में पूरे राजस्थान के पांच हजार से अधिक गांवों में 3500 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 1 लाख 10 हजार जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य रखा गया था। सीकर जिले में इस योजना के तहत 12 ब्लॉकों की 65 ग्राम पंचायतों के 136 गांवों को शामिल किया गया और यहां 90 करोड़ रुपये की लागत से 4513 जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, वन, कृषि, उद्यान, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा सिंचाई विभाग जैसे आठ विभागों के समन्वित प्रयासों से यह कार्य पूरा किया गया। जिले में 3346 टांको, 713 फार्म पोण्ड्सए 61 एनीकट, 57 मिनी परकोलेशन टैंक, 55 रिचार्ज संरचनाएं, 21 तालाबो का निर्माण एवं जीर्णोद्वार, 275 स्प्रींकलर सिस्टम जैसी जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गईं। 31 दिसंबर 2025 तक की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, सीकर जिले ने निर्धारित 4513 कार्यों के मुकाबले 4820 कार्य पूरे कर 107 प्रतिशत प्रगति हासिल कीए जो राज्य में सर्वाधिक है और इसी के आधार पर जिले को प्रथम स्थान मिला यह शानदार सफलता जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की सतत निगरानी और मार्गदर्शन तथा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव के सहयोग का परिणाम है। इस अभियान से जिले के लोगों को फ्लोराइड-मुक्त शुद्ध वर्षा जल पेयजल के रूप में उपलब्ध हुआ है, साथ ही भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है। किसानों के खेतों में बने फार्म पॉन्ड्स से प्रति पॉन्ड औसतन 15 लाख लीटर वर्षा जल का संग्रहण हो रहा है, जिससे सिंचाई, सब्जी उत्पादन और फलदार पौधारोपण के लिए अतिरिक्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। पहले यह बहुमूल्य वर्षा जल व्यर्थ बह जाता था, जिससे भूमि कटाव और पोषक तत्वों का क्षरण होता था, लेकिन अब भूमि संरक्षण के साथ-साथ भूजल स्तर में भी वृद्धि हुई है।



# राजस्थान पुलिस ने बुजुर्गों के बीच मनाया नववर्ष

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस ने नववर्ष 2026 के प्रथम दिन को प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक सहभागिता के नाम समर्पित किया। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा के विजन सुरक्षित बुजुर्ग-सुरक्षित समाज के अनुरूप पुष्पांजलि वृद्ध आश्रम में एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीजीपी शर्मा के निर्देशन में इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग सुनीता मीना ने बुजुर्गों के साथ आत्मीय वक्त बिताया और उन्हें नववर्ष की बधाई दी। वर्तमान समय में वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बना रहे साइबर अपराधियों के तरीकों पर चर्चा करते हुए एएसपी मीना ने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बुजुर्गों को प्रेरित किया कि वे किसी भी अनजान लिंक या कॉल पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

### राजकोप सिटीजन ऐप : संकट में बुजुर्गों का सच्चा साथी

तकनीकी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए एएसपी सुनीता मीना ने राजकोप सिटीजन ऐप की कार्यप्रणाली को समझाया। उन्होंने बताया कि आपातकालीन स्थिति में यह ऐप कैसे उनके लिए जीवन रक्षक साबित हो सकता है और इसके माध्यम से एक क्लिक पर पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है।

**समस्याओं का समाधान और सुरक्षा का भरोसा**-पुलिस टीम ने आश्रम के निवासियों की व्यक्तिगत और सुरक्षा संबंधी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। टीम ने बुजुर्गों को आश्वस्त किया कि राजस्थान पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और किसी भी प्रकार की विधिक सहायता के लिए वे निःसंकोच संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर जयपुरिया ग्रुप के डायरेक्टर डी.एम. जैन, सेवानिवृत्त आईएएस रमेश, महेंद्र सुराणा और आश्रम के मैनेजर पंकज शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही बजाज नगर थानाधिकारी पूनम मय जाप्ता मौजूद रहीं। इस कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ नागरिकों ने पुलिस के इस मानवीय चेहरे की सराहना की।

# नववर्ष की रात जयपुर पुलिस रही सख्त, 445 ड्रिंक एंड ड्राइव पर कार्रवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नववर्ष सेलिब्रेशन के दौरान शहर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर रही। 31 दिसंबर की रात से 1 जनवरी की सुबह तक चले विशेष अभियान में जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वाले 445 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की। इस दौरान एमवी एक्ट के अंतर्गत कुल 1293 वाहन चालकों के चालान काटे गए, जबकि बीएनएसएस की धारा 170 के तहत 49 वाहन चालकों को हिरासत में लिया गया।

### लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी, वाहन जब्त

पुलिस उपायुक्त यातायात सुमित मेहरड़ा ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों-विशेषकर ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट और ओवर स्पीडिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। कई वाहनों को जब्त किया गया और नियम तोड़ने वालों को ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी भी दी गई।

### 45 से अधिक नाके, 3-लेयर सिक्योरिटी

न्यू ईयर सेलिब्रेशन को देखते हुए बुधवार शाम से ही शहर की चारों दिशाओं में अलग-अलग पॉइंट्स पर नाकेबंदी की गई। शहरभर में 45 से अधिक अतिरिक्त नाके लगाए गए और 3-लेयर सिक्योरिटी प्लान के तहत विशेष निगरानी रखी गई, ताकि जश्न के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### धौंस दिखाने की कोशिशें नाकाम

कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर शराब के नशे में वाहन चला रहे लोगों ने खुद को बचाने के लिए एसपी से लेकर जनप्रतिनिधियों तक से पहचान होने की धौंस देने की कोशिश कीए लेकिन पुलिस ने बिना किसी दबाव के नियमों के अनुसार कार्रवाई की।

### मानवीय पहल भी

पुलिस ने पहले ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की थी। इसके बावजूद अत्यधिक नशे की हालत में पाए गए कुछ लोगों के साथ पुलिस ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने की व्यवस्था भी की।

### 50 से अधिक स्पेशल ट्रैफिक टीमें तैनात

न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान शहर में 50 से अधिक स्पेशल ट्रैफिक टीमें तैनात रहीं। जवाहर सर्किल सहित संवेदनशील इलाकों, क्लबों और पार्टी स्थलों के बाहर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जयपुर पुलिस की इस सख्ती का उद्देश्य नववर्ष के जश्न को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण रखना रहा।

# 106 वर्ष पुराने हनुमान पुस्तकालय में मिला दुर्लभ पांडुलिपियों का जखीरा संस्कृति मंत्रालय के दल ने किया ऐतिहासिक सर्वेक्षण

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन संचालित ज्ञानभारत मिशन के अंतर्गत, जयपुर स्थित क्लस्टर सेंटर विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान श्याम नगर के विशेषज्ञों के एक दल ने शहर के ऐतिहासिक हनुमान पुस्तकालय का दो दिवसीय गहन सर्वेक्षण किया। 30 एवं 31 दिसम्बर, 2025 को आयोजित इस सर्वेक्षण में भारतीय ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहरें सामने आईं। पुस्तकालय की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष बालकृष्ण गोस्वामी ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि हनुमान पुस्तकालय 1919 से ही ज्ञान के एक प्रकाश स्तंभ के रूप में खड़ा है। हमारे पूर्वजों ने बड़े जतन से यहाँ वेद, आयुर्वेद, ज्योतिष और साहित्य से जुड़ी हजारों दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियों का संकलन किया था। यहाँ मौजूद पुरानी मुद्रित पुस्तकें अब बाजार में उपलब्ध नहीं हैं। यह पुस्तकालय केवल क्षेत्र का ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र की धरोहर है, जिसमें भारत का बौद्धिक इतिहास समाहित है। इस सर्वेक्षण अभियान में उपस्थित गणमान्य अतिथियों और विशेषज्ञों ने इन दस्तावेजों को देखकर आश्चर्य और प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ने इस धरोहर को संरक्षित करने और इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए अपने विचार रखे। डॉ. सुरेन्द्र शर्मा पांडुलिपि समन्वयक, ने बताया कि ज्ञानभारतम् मिशन के तहत हमारा उद्देश्य देश के कोने-कोने में छिपी ज्ञान संपदा को खोज निकालना है। हनुमान पुस्तकालय में हमें जो पांडुलिपियां मिली हैं, वे शोध की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन ग्रंथों का सूचीकरण और डिजिटलीकरण करना हमारी प्राथमिकता होगी ताकि भविष्य के शोधकर्ता इनका लाभ उठा सकें।

सत्यनारायण भट्ट अखिल भारतीय महासंगठन मंत्री, संस्कृत भारती ने कहा संस्कृत भाषा केवल देववाणी ही नहीं, बल्कि विज्ञान और जीवन जीने की कला है। यहाँ की पांडुलिपियों में निहित ज्ञान यह सिद्ध करता है कि हमारा अतीत कितना समृद्ध था। संस्कृत भारती और ज्ञानभारत मिशन का यह संयुक्त प्रयास इन लुप्तप्राय ग्रंथों को पुनर्जीवित करेगा और युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगा।



अवधेश वशिष्ठ पांडुलिपि संरक्षण विशेषज्ञ ने संज्ञान में लाते हुए कहा कि सौ वर्ष से अधिक पुरानी होने के कारण कई पांडुलिपियां और पुस्तकें जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं। इनके कागज और स्याही को विशेष रासायनिक उपचार और संरक्षण की आवश्यकता है। हम आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर इन दस्तावेजों की आयु बढ़ाएंगे ताकि सैकड़ों वर्षों तक यह ज्ञान सुरक्षित रह सके।

# नववर्ष एवं पदोन्नति पर जिला कलेक्टर को दी शुभकामनाएं

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** नववर्ष 2026 के शुभागमन एवं जिला कलेक्टर, सीकर मुकुल शर्मा की चयनित वेतनमान में पदोन्नति होने के अवसर पर तहसीलदार सुभाष मीणा, संस्थापन अधिकारी कलेक्ट्रेट लोकेशचन्द माथुर तथा सेवानिवृत्त तहसीलदार महीपाल सिंह द्वारा जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने शर्मा के कुशल नेतृत्व, कार्यकुशलता एवं प्रशासनिक दक्षता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190